हरिभूमि

# इस्पात भूमि

रायपुर, शुक्रवार 13 मार्च 2026

तापमान

अधिकतम 39.3 डिग्री

न्यूनतम 19.4 डिग्री

[ भिलाई | दुर्ग | भिलाई-3 | कुम्हारी | जामुल | उतई | सेलूद | पाटन | अहिवारा | मुरमुंदा | धमधा | अण्डा | जामगांव - आर ]



12 भाजपा कार्यालय का घेराव करने की ...





13 श्रीमद् भागवत कथा में सुदामा चरित्र, परीक्षित मोक्ष ...









## प्रशासन का दावा पर्याप्त सिलेंडर उपलब्ध, पब्लिक में पैनिक, इधर...

# आपदा में अवसर... अचानक बुकिंग बढ़ने से ऑनलाइन सिस्टम ठप, ब्लैक में बिकने लगा सिलेंडर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

दुर्ग जिले में घरेलू एलपीजी गैस को लेकर एक अजीब स्थिति सामने आ गई है। एक ओर जिला प्रशासन का कहना है कि जिले में घरेलू एलपीजी की कोई कमी नहीं है, लेकिन दूसरी ओर तकनीकी समस्या के कारण उपभोक्ताओं को गैस बुकिंग कराने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पिछले तीन दिनों से गैस एजेंसियों के बाहर लोगों की लंबी कतार देखने को मिल रही है। वहीं जिला प्रशासन द्वारा जारी टोल फ्री नंबर से भी लोगों को कोई प्रतिक्रिया नहीं मिल रहा।

दरअसल गैस का ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन सिस्टम ठप होने की वजह से कई उपभोक्ता गैस सिलेंडर की बुकिंग नहीं करा पा रहे हैं। इससे लोगों को काफी दिक्कत हो रही है और कई जगह उपभोक्ताओं को गैस एजेंसियों के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। जिला प्रशासन ने हाल ही में जानकारी दी थी कि दुर्ग जिले में घरेलू एलपीजी का पर्याप्त स्टॉक मौजूद है और आम लोगों को घबराने की जरूरत नहीं है। प्रशासन के मुताबिक जिले में गैस की आपूर्ति सामान्य रूप से जारी है। वहीं दूसरी और अफवाहों और तकनीकी परेशानियों के कारण लोगों की लंबी लाइन लग रही है।



### अफवाहों से बढ़ी गैस बुकिंग, सर्वर हो गया धीमा

दुर्ग जिले में घरेलू एलपीजी को लेकर फैली अफवाहों का असर गैस बुकिंग व्यवस्था पर साफ दिखाई देने लगा है। गैस एजेंसियों का कहना है कि बड़ी संख्या में लोग एक साथ ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन और बुकिंग कराने की कोशिश कर रहे हैं, जिसके कारण सर्वर की रफ्तार काफी धीमी हो गई है। एजेंसियों के मुताबिक पिछले चार दिनों से ऑनलाइन बुकिंग सेवा बेहद धीमी चल रही है। सर्वर पर ज्यादा लोड होने के कारण उपभोक्ताओं को बुकिंग करने में परेशानी हो रही है। स्थिति यह है कि ऑनलाइन बुकिंग करने के बाद भी कन्फर्मेशन मैसेज एक दिन बाद मिल रहा है। गैस एजेंसियों द्वारा लोगों से अपील की है कि वे शाम 6 बजे से सुबह 9 बजे के बीच ऑनलाइन बुकिंग करने की कोशिश करें। एजेंसियों ने यह भी साफ किया है कि जिले में एलपीजी गैस की पर्याप्त मात्रा उपलब्ध है।

### 25 दिन वाले नए नियम की जानकारी नहीं, टोल फ्री का लाभ नहीं

दुर्ग जिले में गैस एजेंसियों के बाहर बढ़ रही भीड़ के पीछे एक और वजह सामने आई है। सुपेला के एक गैस एजेंसी के कर्मचारी के मुताबिक पहले उपभोक्ताओं को करीब 15–15 दिन के अंतराल में सिलेंडर मिल जाता था, लेकिन अब नियम में बदलाव किया गया है। नए नियम के अनुसार एक सिलेंडर लेने के बाद दूसरा सिलेंडर बुक करने के लिए करीब 25 दिन का इंतजार करना होगा। इस बदलाव की जानकारी कई उपभोक्ताओं को नहीं है, जिसके कारण लोग समय से पहले ही गैस एजेंसियों में पहुंच रहे हैं और अनावश्यक भीड़ बढ़ रही है। वहीं दूसरी ओर कुछ उपभोक्ताओं का कहना है कि जिला प्रशासन की ओर से जारी टोल फ्री नंबर भी काम नहीं कर रहा है। लोगों के मुताबिक उस नंबर पर कॉल करने पर फोन अपने आप कट जाता है और कोई जवाब नहीं मिलता।

### खाद्य विभाग के पास नहीं सिलेंडरों का रिकॉर्ड

खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग के पास जिले में कितने रसोईगैस और व्यावसायिक उपयोग वाले सिलेंडरों का उपयोग हो रहा है। इसका रिकॉर्ड नहीं है। इस वजह से परेशानी बढ़ गई है। विभाग के अधिकारी सुरेश चन्द्राकर ने बताया कि उनके पास किसी भी प्रकार की कोई जानकारी नहीं है। समय-समय पर इंडेन, भारत गैस और एचपी कंपनी के नोडल अधिकारियों से बैठक लेकर इसकी समीक्षा जरूर की जाती है।

### घरेलू गैस का व्यावसायिक उपयोग करने वालों पर कार्रवाई, आज भी जारी रहेगा अभियान



वर्तमान अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों एवं संभावित आपूर्ति दबाव को दृष्टिगत रखते हुए घरेलू गैस सिलेंडरों के व्यावसायिक एवं अन्य अनाधिकृत उपयोग को रोकने के लिए कलेक्टर के निर्देश के बाद खाद्य विभाग सक्रिय हो गया है।

गुरुवार को जिले के व्यावसायिक प्रतिष्ठानों की जांच की गई। जांच में दुर्ग नगर निगम क्षेत्र में दोसा किंग, अग्रसेन चौक से 3 नग, मुकेश फ़ास्ट फ़ूड सेंटर, पोलसाय पारा से 2 नग घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किया गया। इसके अतिरिक्त भिलाई नगर निगम क्षेत्र में दुर्गा मिष्ठान भंडार से 01 तथा शिव प्रसाद भोजनालय, सुपेला से 3 नग घरेलू गैस का व्यवसायिक उपयोग पाए जाने पर जब्त किया गया। जिला प्रशासन द्वारा स्पष्ट किया गया है कि घरेलू गैस सिलेंडरों के दुरुपयोग पर नियंत्रण हेतु जिले में जांच एवं कार्यवाही की प्रक्रिया निरंतर जारी रहेगी तथा भविष्य में भी ऐसे मामलों में नियमानुसार कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

**जिले में 4.20 लाख से ज्यादा कनेक्शन**

जिले में इस समय 4.20 लाख से ज्यादा कनेक्शन हैं। इसमें करीब 4 लाख घरेलू हैं, बाकी कमर्शियल उपयोग में लाए जाते हैं। व्यावसायिक कनेक्शनों पर शासन के आदेश पर रोक लगा दी गई है। केवल शिक्षा और स्वास्थ्य से जुड़ी सेवाओं के लिए उपलब्ध कराया जा रहा है। उपभोक्ताओं को पैनिक होनी की आवश्यकता नहीं है। सिलेंडर का पर्याप्त स्टॉक है। जहां गड़बड़ी की जा रही है, वहां जांच कर हम कार्रवाई भी कर रहे हैं।

-अनुराग सिंह भदौरिया, खाद्य नियंत्रक दुर्ग

## उधारी के पैसे मांगने पर व्यापारी पर धारदार हथियार से हमला, दो गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

उधारी के पैसे मांगने पर व्यापारी पर धारदार हथियार से हमला करने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से धारदार हथियार और एक बाइक जब्त किया है। आरोपियों के खिलाफ धारा धारा 109, 333, 3(5) बीएनएस के तहत कार्रवाई की गई। मामला रानीतराई थाना क्षेत्र का है।

जानकारी के अनुसार विगत 11 मार्च को ग्राम रानीतराई में स्थित एक इलेक्ट्रॉनिक दुकान के संचालक अनिल कुमार देवांगन के साथ उधारी के पैसे मांगने को लेकर विवाद हुआ। रिपोर्ट पर थाना रानीतराई में अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान ज्ञात हुआ कि वर्ष 2019 में आरोपी द्वारा इलेक्ट्रॉनिक सामान खरीदा गया था, जिसके शेष बकाया पैसे मांगने पर विवाद हुआ। 11 मार्च को आरोपी देवदत्त ठाकुर, उम्र 40 वर्ष, निवासी ग्राम रानीतराई जिला दुर्ग अपने साथी बबलू ठाकुर, उम्र 21 वर्ष, निवासी ग्राम चरोटा, थाना मस्तूरी जिला बिलासपुर के साथ बाइक से से दुकान पहुंचकर प्रार्थी के साथ गाली-गलौज करते हुए धारदार हथियार से हमला कर दिया, जिससे प्रार्थी के गाल और दांत में चोट आई। पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया।

- रानीतराई पुलिस ने की कार्रवाई धारदार हथियार और बाइक जब्त

**खबर संक्षेप**

### राइस मिल में लगी आग 5 घंटे के बाद पाया काबू



**भिलाई।** उतई क्षेत्र में स्थित राम जानकी राइस मिल में अचानक आग लग गई। पांच घंटे की मशक्कत के बाद करीब 20 गाड़ी पानी की मदद से आग पर काबू पाया गया। जिला अग्निशमन अधिकारी नागेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि राइस मिल में आग लगने की सूचना मिलते ही दमकल विभाग की तीन टीमें मौके के लिए रवाना की गईं।

जब अग्निशमन दल घटनास्थल पर पहुंचा तो आग तेजी से फैलकर राइस मिल में रखे बारदानों तक पहुंच चुकी थी। आग की लपटें काफी तेज थीं, जिससे स्थिति को नियंत्रित करना चुनौतीपूर्ण हो गया। दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत करते हुए करीब 5 घंटे तक लगातार आग बुझाने का अभियान चलाया। लगभग 20 दमकल गाड़ियों के पानी की मदद से आखिरकार आग पर काबू पाया गया। फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है।

## भाजपा नेता विनायक के घर पर मिले संदिग्ध दस्तावेज, बैंक पासबुक से बड़े लेनदेन का खुलासा


### अफीम की खेती मामले में एक और आरोपी राजस्थान से गिरफ्तार, अब तक पकड़े गए चारों को भेजा गया जेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

समोदा-झेंझरी में करीब 5 एकड़ 62 डिसमिल में अफीम की खेती के मामले में बड़ा खुलासा हुआ है। मुख्य आरोपी और भाजपा नेता विनायक ताम्रकार के घर से पुलिस को कुछ संदिग्ध दस्तावेज मिले हैं। बैंक पासबुक और ट्रांजेक्शन की जानकारी मिली है।

पुलिस ने इसे जब्त कर लिया है। इसके अलावा मामले में एक अन्य आरोपी विकास विश्नोई के ससुर छोटूराम को पुलिस ने राजस्थान से गिरफ्तार किया है। इस प्रकार इस घटना में चार आरोपियों विनायक ताम्रकार, विकास विश्नोई, मनीष ठाकुर और छोटू राम विश्नोई को गिरफ्तार किया जा चुका है। गुरुवार को आरोपियों को न्यायाधीश पीएस मरकाम के कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया। पुलिस ने इस मामले में करीब 8 करोड़ की अफीम जब्त की है। इसके अलावा डेढ़ करोड़ कीमत की 2 ट्रैक्टर, 2 जेसीबी, 2 मोटरसाइकिल, 1 हार्वेस्टर और खेती में प्रयुक्त अन्य उपकरणों की जब्ती की गई है। छोटू राम उम्र 62 वर्ष को जोधपुर चामू थाना अंतर्गत सांगसी नगर धड़िया से गिरफ्तार किया गया है। मामले में दो आरोपी अचलाराम जाट और दूसरा श्रवण विश्नोई की तलाश जारी है।

- समोदा में 5 एकड़ 62 डिसमिल जमीन में अफीम की खेती का मामला



### छोटू राम ने ही उपलब्ध कराए अफीम की खेती के लिए बीज, दो की तलाश जारी

पुलगांव पुलिस ने बताया कि विकास बिश्नोई निवासी मतोड़ा जोधपुर, विनायक ताम्रकार तमेरापारा दुर्ग एवं मनीष उर्फ गोलू ठाकुर निवासी समोदा को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। जांच में पता चला कि आरोपी छोटू राम द्वारा अवैध अफीम की खेती के लिए बीज उपलब्ध कराए गए हैं। फरार आरोपी की पतासाजी के दौरान टीम राजस्थान भेजी गई। जहां आरोपी छोटू राम को गिरफ्तार किया गया। इस मामले में पुलिस को अचलाराम जाट और दूसरा श्रवण विश्नोई की तलाश है। दोनों के बारे में अब तक जानकारी नहीं मिल पाई है। इसके अलावा खेती के पूरे नेटवर्क का भी खुलासा नहीं हो पाया है। बहरहाल पुलिस मामले में जांच कर रही है।






## एनकाउंटर में मारे गए जोश के साले ने की छेड़छाड़, गया जेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



होटल में बुलाकर महिला से छेड़खानी के मामले में छावनी थाना पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा है। आरोपी के खिलाफ धारा धारा 74, 351(3) बीएनएस के तहत कार्रवाई की गई। पुलिस के अनुसार आरोपी आदतन अपराधी है और जिले के कई थानों में अपराध दर्ज है। जानकारी के अनुसार एक महिला ने थाना छावनी में लिखित आवेदन प्रस्तुत कर बताया गया कि वह ट्रांसपोर्ट नगर हथखोज भिलाई स्थित एक ट्रांसपोर्ट और टायर दुकान में अकाउंटेंट के रूप में कार्यरत है। विगत 5 मार्च को शाम करीब 4 बजे बजे आरोपी बी लक्की जॉर्ज, निवासी सड़क-19, सेक्टर-4, भिलाई ने पावर हाउस भिलाई स्थित एक लॉज के कमरे में बुलाया। जहां बी लक्की जॉर्ज ने प्रार्थिया के साथ छोड़खानी की। महिला द्वारा विरोध करने पर आरोपी ने धमकी भी दी। महिला की रिपोर्ट पर थाना छावनी में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान आरोपी बी लक्की जॉर्ज को चिन्हित कर गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।




## खबर संक्षेप



### दुकानों से डिस्पोजल जब्त, जुर्माना वसूला

दुर्ग। नगर पालिक निगम दुर्ग द्वारा शहर को स्वच्छ और पर्यावरण अनुकूल बनाए रखने के उद्देश्य से प्रतिबंधित प्लास्टिक सामग्री के उपयोग पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। आयुक्त सुमित अग्रवाल के निर्देशानुसार बुधवार को शहर के विभिन्न क्षेत्रों में सिंगल यूज़ प्लास्टिक के खिलाफ विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के तहत अतिक्रमण अधिकारी परमेश्वर कुमार के नेतृत्व में बाजार विभाग के ईश्वर वर्माए शशिकांत सहित निगम की टीम द्वारा शराब भट्ठी आहताए बटालियन तथा कातुलबोर्ड क्षेत्र के आसपास चौक.चौराहों और ठेला दुकानों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान कई दुकानदारों द्वारा प्रतिबंधित डिस्पोजल गिलास एवं झिल्ली पन्नी का उपयोग करते पाए जाने पर निगम की टीम ने मौके पर ही कार्रवाई की।

### आज कुछ क्षेत्रों में जलापूर्ति रहेगी प्रभावित

दुर्ग। प्राप्त जानकारी के अनुसार विद्युत विभाग द्वारा 24 एवं 42 एमएलडी शिवनाथ नदी इंटेकवेल में तकनीकी सुधार एवं आवश्यक मरम्मत कार्य किए जाने के कारण 13 मार्च को सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक विद्युत सप्लाई बंद रहेगी। विद्युत विभाग द्वारा आपूर्ति बंद रहने के कारण इंटेकवेल से संचालित पंपों का संचालन प्रभावित रहेगा, जिसके चलते संबंधित क्षेत्रों में द्वितीय पहर की जलापूर्ति में विलंब होने की संभावना है। नगर निगम द्वारा नागरिकों से अपील की गई है कि उक्त अवधि को ध्यान में रखते हुए आवश्यकतानुसार पहले से ही पानी का संग्रह कर लें, ताकि असुविधा से बचा जा सके। तकनीकी कार्य पूर्ण होते ही जलापूर्ति को सामान्य रूप से पुनः प्रारंभ कर दिया जाएगा।

### विकास कार्य के लिए स्वीकृति

दुर्ग। विधानसभा क्षेत्र पाटन एवं विधानसभा क्षेत्र दुर्ग शहर अंतर्गत दो विकास कार्य के लिए 29 लाख 99 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। जिले के प्रभारी मंत्री विजय शर्मा द्वारा अनुशंसित उक्त कार्यो का संपादन हेतु निर्धारित क्रियान्वयन एजेंसी क्रमशः मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पंचायत पाटन तथा कार्यपालन अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग दुर्ग द्वारा किया जाएगा।

# दुर्ग में राष्ट्रीय लोक अदालत कल, न्यायमूर्ति रमेश सिन्हा होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

## गुरुवार को तैयारियों की वर्चुअल समीक्षा में दिए गए जरूरी निर्देश




दुर्ग में 14 मार्च को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाना है। आयोजन में हाईकोर्ट बिलासपुर के न्यायामूर्ति रमेश सिन्हा प्रमुख रूप से शामिल होंगे। वे सुबह 10.45 बजे दुर्ग पहुंचेंगे। कोर्ट का निरीक्षण करेंगे, इसके बाद सुबह 11.30 बजे लौट जाएंगे।

इसकी तैयारियों की गुरुवार को वर्चुअल समीक्षा की गई। बैठक में न्यायमूर्ति संजय के. अग्रवाल, न्यायमूर्ति पार्थ प्रतीम साहू मौजूद थे। मुख्य न्यायाधीश ने सभी न्यायिक अधिकारियों से अपील की कि विशेष प्रयास करते हुए अधिकतम संख्या में पुराने लंबित सिविल एवं आपराधिक सुलह योग्य मामलों की पहचान कर उनका समाधान किया जाए। विशेष रूप से महिलाओं, वरिष्ठ नागरिकों, परक्राम्य लिखत अधिनियम एवं मोटर दुर्घटना क्षतिपूर्ति से संबंधित मामलों पर ध्यान केंद्रित किया जाए। उन्होंने आगे कहा कि न्यायिक अधिकारी आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में मुकदमों के पूर्व-वाद निपटारे हेतु पक्षकारों को समझाइश देकर उनका समाधान कराने के लिए प्रेरित करें। सभी न्यायिक अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि पक्षकारों के साथ पूर्व बैठक करते हुए विशेष रूप से परक्राम्य लिखत अधिनियम और मोटर दुर्घटना क्षतिपूर्ति से संबंधित मामलों की पहचान की जाए, जिनमें बीमा एवं वित्तीय कंपनियां जैसी संस्थाएं पक्षकार होती हैं, ताकि अधिकतम समन्वय स्थापित कर समझौता कराया जा सके। 14 मार्च को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन उच्च न्यायालय, जिला न्यायालय, तहसील न्यायालय, परिवार न्यायालय, फोरम, अधिकरण तथा सभी राजस्व न्यायालयों में किया जाएगा, जिसमें सिविल और आपराधिक सुलह योग्य मामलों सहित अन्य विवादों का निपटारा किया जाएगा। अब तक कुल 41,19,609 मामलों की पहचान की गई है, जिनमें 40,21,821 पूर्व-वाद और 97,788 न्यायालयों में लंबित मामले शामिल हैं।

## दुर्ग में शहर और ग्रामीण जिला का प्रदर्शन, भिलाई में प्रियदर्शनी परिसर के पास विरोध

# भाजपा कार्यालय का घेराव करने की कोशिश कर रहे कांग्रेसियों से पुलिस की झूमाझटकी

## दोनों ही जगहों पर जमकर हंगामा, कार्यकर्ताओं ने दर्ज कराया विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई/दुर्ग

समोदा में अफीम की खेती में भाजपा नेता विनायक ताम्रकार का नाम सामने आने के बाद गुरुवार को कांग्रेस ने उग्र प्रदर्शन किया। दुर्ग में शहर और ग्रामीण जिला कांग्रेस ने राजीव भवन शनिचरी बाजार से रैली निकाली। इसके बाद भाजपा कार्यालय पहुंचकर जमकर नारेबाजी की। इस दौरान कार्यकर्ता घेराव की कोशिश करते रहे। पुलिस ने उन्हें बैरिकेडिंग करके रोकने का प्रयास किया। इस दौरान पुलिस से झूमाझटकी भी हुई। पुलिस ने हल्का बल प्रयोग भी किया। इधर भिलाई में ज्यादा उग्र प्रदर्शन हुआ। कार्यकर्ता प्रियदर्शनी परिसर के पास एकत्रित हुए। इसके बाद जमकर नारेबाजी करते हुए भिलाई भाजपा संगठन के जिला कार्यालय पहुंचने का प्रयास करने लगे। उन्होंने बैरिकेडिंग तोड़ दी। बाद में पुलिस ने उन्हें रोका। प्रदर्शन के दौरान पूर्व मंत्री ताम्रध्वज साहू, अध्यक्ष राकेश ठाकुर, धीरज बाकलीवाल, मुकेश चंद्राकर, पूर्व विधायक अरुण वोरा, प्रतिमा चंद्राकर सहित अन्य वरिष्ठ कांग्रेस नेता मौजूद थे। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने नैतिकता के आधार पर गृहमंत्री से इस्तीफे की मांग की। साथ ही आगामी दिनों में और भी उग्र प्रदर्शन किए जाने की चेतावनी दी।



### भिलाई शहर जिला के कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच झूमाझटकी



भिलाई। प्रदेश में बढ़ती नशाखोरी एवं अपराध के विरोध में भिलाई शहर जिला कांग्रेस कमेटी ने गुरुवार को प्रियदर्शनी परिसर स्थित भाजपा कार्यालय पर हल्ला बोला। भिलाई शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर के नेतृत्व में कांग्रेस के पदाधिकारी और हजारों कार्यकर्ताओं ने भाजपा कार्यालय के समक्ष जबरदस्त प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने जबरदस्त जोश दिखाते हुए पुलिस प्रशासन द्वारा लगाए गए पहले बैरिकेड को तोड़ दिया जिससे पुलिस प्रशासन के पसीने छूट गए। दूसरे बैरिकेड पर पुलिस की जबरदस्त नाकाबंदी थी जिसे भी कार्यकर्ताओं ने तोड़ने का प्रयास किया। आधे घंटे की झूमा झटकी के बाद प्रशासनिक अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा गया। हाथों में कांग्रेस का ध्वज और बैनर पोस्टर लिए पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने भाजपा सरकार के विरुद्ध जमकर नारेबाजी की। इस अवसर पर पूर्व राज्य मंत्री बदरुद्दीन कुरैशी, महापौर नीरज पाल, प्रदेश सचिव सीजू एंथोनी, पूर्व साडा उपाध्यक्ष बृजमोहन सिंह, इरफान खान, पूर्व महापौर नीता लोधी, अतुल साहू, लक्ष्मीपति राजू, संदीप निरंकारी, केशव बंछोर, बंटी साहू, इमरान अंसारी, शमशेर सिद्धकी सहित अन्य उपस्थित थे। भाजपा कार्यालय के घेराव व प्रदर्शन की चेतावनी को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने प्रियदर्शनी परिसर स्थित भाजपा कार्यालय की जबरदस्त घेराबंदी की थी। प्रदर्शनकरियों को रोकने दो बैरिकेट लगाए गए थे। प्रदर्शनकारियों का आक्रोश देखते हुए पुलिस प्रशासन के पसीने छूट गए। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर अगले बैरिकेट पर कड़ी नाकाबंदी कर दी गई तथा जवानों को सतर्क कर दिया गया। प्रदर्शनकारियों के पहुंचते ही दोनों तरफ से झूम झटकी शुरू हो गई। अंत में एसडीएम हितेश पिसदा को ज्ञापन सौंपा गया।

### कार्यकर्ताओं ने तोड़े बैरिकेड, भाजपा सरकार पर लगाया संरक्षण का आरोप



दुर्ग। दुर्ग में बीजेपी कार्यालय के बाहर कार्यकर्ताओं ने जमकर प्रदर्शन किया। अध्यक्ष राकेश ठाकुर और धीरज बाकलीवाल के संयुक्त नेतृत्व में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता राजीव भवन से भाजपा कार्यालय घेराव के लिए रैली के रूप में निकले। इस दौरान कार्यकर्ता भाजपा सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए आगे बढ़े। कांग्रेस कार्यकर्ताओं के प्रदर्शन को देखते हुए प्रशासन द्वारा पहले से ही भारी पुलिस बल तैनात किया गया था। भाजपा कार्यालय जाने वाले मार्ग पर कई लेयर में बैरिकेडिंग कर रास्ते को रोक दिया गया। आक्रोशित कार्यकर्ताओं ने विरोध जताते हुए दो बैरिकेड लेयर तोड़ दिए और मुख्य बैरिकेड तक पहुंचने का प्रयास किया। मौके पर काफी देर तक हंगामे की स्थिति बनी रही और पुलिस अधिकारियों व कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच तीखी नोकझोंक भी हुई। पूर्व मंत्री ताम्रध्वज साहू ने आरोप लगाया कि भाजपा नेता विनायक ताम्रकार के फार्म हाउस में अवैध रूप से अफीम की खेती की जा रही थी, जो कानून के खिलाफ गंभीर अपराध है। इसके बावजूद भाजपा सरकार इस मामले पर चुप्पी साधे हुए है, जिससे यह स्पष्ट होता है कि सरकार अपने नेताओं को बचाने का प्रयास कर रही है। राकेश ठाकुर ने कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है और भाजपा नेता ही खुलेआम अवैध गतिविधियों में लिप्त पाए जा रहे हैं। धीरज बाकलीवाल ने कहा कि कांग्रेस पार्टी इस मामले को लेकर चुप नहीं बैठेगी और जब तक दोषियों पर सख्त कार्रवाई नहीं होती। इस अवसर पर आरएन वर्मा, दीपक दुबे, राजेंद्र साहू, विक्रांत अग्रवाल, शमशीर कुरेंशी, विशाल देशमुख, रिवेन्द यादव, पालेशवर ठाकुर, बृजकिशोर शर्मा सहित अन्य मौजूद थे।

# ट्रांसफार्मर के नीचे ज्वलनशील बोरियां, बड़े हादसे की आशंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई



सुपेला क्षेत्र में एक बिजली ट्रांसफार्मर की स्थिति को लेकर गंभीर लापरवाही सामने आई है। दक्षिण गंगोत्री सुपेला सर्कस मैदान में स्थित ट्रांसफार्मर के ठीक नीचे झिल्ली और पन्नियों से भरी बोरियां पड़ी हुई हैं, जो कभी भी खतरे का कारण बन सकती हैं।

यह ट्रांसफार्मर पत्रकार कॉलोनी के सामने स्थित है और इसी से कॉलोनी सहित आसपास के इलाके में बिजली की आपूर्ति होती है। ऐसे में ट्रांसफार्मर के नीचे ज्वलनशील सामग्री का पड़े रहना बड़ी दुर्घटना को न्योता दे सकता है, खासकर गर्मी के मौसम में।

स्थानीय लोगों का कहना है कि क्षेत्र में इन दिनों नई दुकानों का निर्माण भी किया जा रहा है। ट्रांसफार्मर के बिल्कुल बाजू में ही एक दुकान बना दी गई है, जिससे सुरक्षा को लेकर चिंता और बढ़ गई है। लोगों का कहना है कि अगर समय रहते इस पर ध्यान नहीं दिया गया तो आग लगने या किसी बड़े हादसे की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। स्थानीय नागरिकों ने बिजली विभाग और नगर निगम से जल्द कार्रवाई कर ट्रांसफार्मर के आसपास की ज्वलनशील सामग्री हटाने और सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है।

### सोनकर बाड़ी के पास कचरे के ढेर में लगी आग निगम ने बुझाई, एसएलआरएम में हो रहा निष्पादन

दुर्ग। नगर पालिक निगम दुर्ग द्वारा शहर से एकत्रित किए जा रहे कचरे का वैज्ञानिक तरीके से प्रबंधन किया जा रहा है। शहर से संग्रहित कचरे को निगम अंतर्गत स्थापित 10 एसएलआरएम सेंटरों में लाकर गीले एवं सूखे कचरे में पृथक किया जाता है तथा उसका उचित निष्पादन किया जा रहा है। सेंटरों में ट्रॉमिल मशीन, इंसीनरेटर मशीन तथा कम्पोस्ट मशीन स्थापित हैं, जो निरंतर कार्य कर रही हैं। गीले कचरे से खाद का निर्माण किया जा रहा है, वहीं सूखे कचरे जैसे कागज, कार्डबोर्ड, कांच एवं धातु आदि को अधिकृत रिसाइकलर को विक्रय किया जाता है। अधिकारियों ने बताया कि जो कचरा निष्पादन योग्य नहीं होत है, उसे बेलिंग मशीन के माध्यम से पैक कर शासन द्वारा अधिकृत जेके लक्ष्मी सीमेंट लिमिटेड अहिवारा को भेजा जाता है, जहां उसका उपयोग निर्धारित प्रक्रिया के तहत किया जाता है। सोनकर बाड़ी क्षेत्र में आग लगने के संबंध में प्रकाशित समाचार के संदर्भ में मौके पर निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि खेत मालिक द्वारा अपनी फसल की कटाई के बाद बची पराली को एकत्रित कर जलाया गया था, जिससे धुआं फैल गया। नगर निगम दुर्ग की टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए मौके पर पहुंचकर मिट्टी डालकर आग को तत्काल बुझा दिया गया।

# पटरीपार सिकोला भाटा सब्जी मार्केट में नाली के ऊपर बने 35 से अधिक अवैध निर्माण तोड़े

दुर्ग। नगर पालिक निगम दुर्ग द्वारा शहर में बढ़ते अवैध अतिक्रमण के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए पटरीपार सिकोला भाटा सब्जी मार्केट क्षेत्र में नाली के ऊपर किए गए अवैध निर्माणों को हटाया गया। निगम की टीम ने जेसीबी की मदद से करीब 35 से अधिक दुकानों के बाहर नाली के ऊपर बनाए गए अवैध शेड और पक्के निर्माण को तोड़कर हटाया।



बताया गया कि लंबे समय से इस क्षेत्र में दुकानदारों द्वारा नाली के ऊपर कब्जा कर पक्के निर्माण कर लिए गए थे, जिससे आवागमन और सफाई व्यवस्था प्रभावित हो रही थी। इस संबंध में नगर निगम द्वारा पहले भी कई बार चेतावनी दी गई थी, लेकिन अवैध कब्जाधारियों पर इसका कोई असर नहीं हुआ। महापौर अलका बाघमार के निर्देश पर अतिक्रमण अधिकारी परमेश्वर कुमार के नेतृत्व में निगम की टीम मौके पर पहुंची और जेसीबी की मदद से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान पटरीपार सिकोला भाटा के कई दुकानदारों ने निगम की कार्रवाई को देखते हुए स्वयं अतिक्रमण हटाने के लिए 24 घंटे का समय भी मांगा। इस पर निगम अधिकारियों ने उन्हें स्पष्ट चेतावनी दी कि तय समय के बाद यदि अतिक्रमण नहीं हटाया गया तो निगम द्वारा सख्त कार्रवाई की जाएगी। महापौर अलका बाघमार ने कहा कि शहर क्षेत्र में सड़क और नालियों के ऊपर अवैध रूप से निर्माण कर व्यवसाय करना किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने शहर के सभी अतिक्रमणकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि सड़क या सार्वजनिक स्थानों पर अवैध कब्जा कर व्यवसाय किया जाएगा तो उस पर निश्चित रूप से कार्रवाई की जाएगी।

### पदाधिकारियों ने वरिष्ठ नेताओं का जताया आभार

दुर्ग। भाजपा झुग्गी-झोपड़ी प्रकोष्ठ के नवनियुक्त पदाधिकारियों ने नियुक्ति के बाद पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों और नेताओं से मुलाकात की। भाजपा कार्यालय में पदाधिकारियों का अभिनंदन किया गया। जिलाध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक ने कहा कि गरीबों के हितार्थ भाजपा सरकार कि योजनाओं को नीचे तक पहुंचाने में सहयोग करें। प्रदेश सह संयोजक व संभाग प्रभारी दिनेश देवांगन, जिला संयोजक दिनेश मिश्रा एवं सह संयोजक दीपक सिन्हा का फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया। नव नियुक्त पदाधिकारियों ने राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरोज पाण्डेय, खादी ग्रामोद्योग अध्यक्ष राकेश पाण्डेय से सौजन्य मुलाकात की। इसके अलावा वे महापौर अल्का बाघमार से भी मिले।

# 33 दिन के आंदोलन के बाद फिर उठी लंबित मांगें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन एनएचएम कर्मचारी संघ के प्रदेश प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से उनके विधानसभा कार्यालय में मुलाकात की। इस

- सीएम ने लंबित मांगों पर जल्द समाधान का दिया भरोसा

दौरान प्रतिनिधिमंडल ने एनएचएम कर्मचारियों की लंबित मांगों को लेकर मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा और जल्द निराकरण का आग्रह किया।



संघ के प्रतिनिधियों ने बताया कि कर्मचारियों से जुड़े कई मुद्दे लंबे समय से लंबित हैं। इनमें प्रमुख रूप से एनएचएम कर्मचारियों के लिए कैशलेस चिकित्सा सुविधा लागू करने, अनुकंपा नियुक्ति, स्थानांतरण नीति, नई मानव संसाधन नीति, और नियमित भर्ती में अनुभव के आधार पर अतिरिक्त अंक देने की मांग शामिल है। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि सरकार द्वारा पूर्व में की गई घोषणाओं और मोदी की गारंटी के तहत कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान किया जाना चाहिए। इस पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त करते हुए कहा कि सुशासन की सरकार में कर्मचारियों के हितों का पूरा ध्यान रखा जा रहा है और उनकी सभी जायज मांगों पर गंभीरता से विचार किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि कर्मचारियों की समस्याओं का समयबद्ध समाधान करने का प्रयास किया जाएगा, ताकि उन्हें किसी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े। बताया गया कि इन मांगों को लेकर एनएचएम कर्मचारियों ने पहले करीब 33 दिनों तक आंदोलन किया था, जिसे सरकार के आश्वासन के बाद समाप्त कर दिया गया था।

इस दौरान प्रतिनिधिमंडल में प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अमित कुमार मिरी, प्रवक्ता पुरन दास, प्रदेश सलाहकार दिनेश खर्कवाल, दुर्ग जिलाध्यक्ष डॉ. आलोक शर्मा, मोहला-मानपुर जिलाध्यक्ष संतोष चंदेल और गरियाबंद जिलाध्यक्ष अमृत राव भोसले सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

# डीयू में नहीं शौचालय, साइंस कॉलेज का ऑडिटोरियम 10 साल में नहीं बन पाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

एनएसयूआई के कार्यकर्ताओं ने कॉलेजों में व्याप्त अव्यवस्था और हेमचंद यादव विश्वविद्यालय में सुविधाओं की अनदेखी को लेकर कलेक्टर अभिजीत सिंह को जानकारी दी। उन्होंने एक शिकायत पत्र सौंपा। प्रदेश महासचिव आदित्य नारंग ने बताया कि

ज्ञापन के माध्यम से विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालयों की समस्याओं से अवगत कराया गया है। उन्होंने कहा कि शासकीय कन्या महाविद्यालय दुर्ग में गर्ल्स हॉस्टल में सुनियोजित ढंग से हॉस्टल प्रारंभ किया जाए। पॉलिटेक्निक कॉलेज के हॉस्टल में मेष की सुविधा उपलब्ध कराई जाए। दुर्ग



विश्वविद्यालय अंतर्गत लगभग सात जिलों के छात्र-छात्राएं समस्याओं का निराकरण करने आते हैं लेकिन इतना बड़ा विश्वविद्यालय होने के बाद भी वहां शौचालय की सुविधा उपलब्ध नहीं है। इससे छात्रों को परेशानी उठानी पड़ती है। दुर्ग शहर में लोक निर्माण विभाग का एकमात्र ऑडिटोरियम का काम रुका हुआ है, उसे जल्द से जल्द पूरा कराया जाए। शासकीय संगीत महाविद्यालय दुर्ग जो साइंस कॉलेज दुर्ग की बिल्डिंग में संचालित हो रहा है, जिससे साइंस कॉलेज दुर्ग के छात्रों को क्लासेस में असुविधा हो रही है। इसे शिफ्ट किया जाएगा। साइंस कॉलेज दुर्ग के आजाद हॉस्टल में पानी की समस्या का निराकरण के लिए बोरवेल की सुविधा उपलब्ध कराई जाए। इस अवसर पर चैतन्य बंछोर, पीयूष सिन्हा, मृदुल सिंह, नारायण तिवारी, रिया दत्ता एवं एनएसयूआई के कार्यकर्ता मौजूद थे।

# सिविल डिफेंस वालंटियर्स का 7 दिवसीय प्रशिक्षण कल से

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

जिले में नागरिक सुरक्षा को मजबूत करने के उद्देश्य से सिविल डिफेंस वालंटियर्स के लिए सात दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण 14 मार्च से 20 मार्च तक आयोजित किया जाएगा।

- सिविल डिफेंस वालंटियर्स के लिए प्रशिक्षण

जिला सेनानी और जिला अग्निशमन अधिकारी नागेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि सिविल डिफेंस में नामांकन के इच्छुक लोगों को आवश्यक दस्तावेजों के साथ उपस्थित होने को कहा गया है। नामांकन के लिए आवेदक का दुर्ग जिले का निवासी होना अनिवार्य है। इसके साथ ही दो रंगीन पासपोर्ट साइज फोटो, 10वीं की मार्कशीट की फोटोकॉपी, ब्लड ग्रुप की जानकारी, आधार कार्ड की फोटोकॉपी और बैंक खाते की फोटोकॉपी जमा करनी होगी। आवेदक की आयु 18 से 50 वर्ष के बीच निर्धारित की गई है। जारी सूचना के अनुसार, जो लोग पहले से सिविल डिफेंस में नामांकित हैं, वे भी इस सात दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल हो सकते हैं। इसके लिए उन्हें जिला सेनानी कार्यालय, नगर सेना, नागरिक सुरक्षा, अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवाएं, केंद्रीय विद्यालय के पास पद्मनाभपुर दुर्ग में संपर्क करना होगा। प्रशिक्षण के दौरान वालंटियर्स को नियमानुसार प्रशिक्षण भत्ता, भोजन और स्टेशनरी की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी।

# ट्रैफिक पुलिस द्वारा लगातार की जा रही कार्रवाई से सड़क हादसों में आई कमी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

सड़क सुरक्षा को लेकर दुर्ग यातायात पुलिस की सख्ती का सकारात्मक असर अब आंकड़ों में दिखने लगा है। वर्ष 2026 में पुलिस द्वारा सघन जांच और चालानी कार्रवाई बढ़ाए जाने से सड़क दुर्घटनाओं में मौत के मामलों में करीब 31 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई है।

जानकारी के मुताबिक वर्ष 2025 में 1 जनवरी से 10 मार्च तक सड़क हादसों में कुल 89 लोगों की मौत हुई थी। वहीं वर्ष 2026 में इसी अवधि में यह संख्या घटकर 62 रह गई है। यानी पिछले साल की तुलना में मौत के मामलों में उल्लेखनीय कमी आई है। यातायात पुलिस ने इस




दौरान नियम तोड़ने वालों पर भी कड़ी कार्रवाई की है। वर्ष 2025 में 10 मार्च तक 14 हजार 162 चालान किए गए थे, जबकि वर्ष 2026 में इसी अवधि में यह संख्या बढ़कर 26 हजार 234 हो गई है। यानी चालानी कार्रवाई में लगभग 85 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। पुलिस विशेष रूप से बिना हेलमेट वाहन चलाने वाले, शराब पीकर वाहन चलाने वालों और लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाने वालों के खिलाफ अभियान चला रही है। दुर्ग-रायपुर नेशनल हाईवे, सेंट्रल एवेन्यू मार्ग, सुपेला चौक, नेहरू नगर चौक और पावर हाउस चौक सहित अन्य संवेदनशील स्थानों पर लगातार वाहन जांच की जा रही है।

## खबर संक्षेप



### महिला आयोग सदस्य पहुंची रिसामा, भाजपाइयों ने किया स्वागत

**अंडा।** छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की सदस्य ओजस्वी भीमा मंडावी के प्रथम बार रिसामा आगमन पर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा उनका भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाओं और आत्मीय अभिनंदन के साथ उनका स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान महिला सशक्तिकरण, महिलाओं के अधिकार और समाज में उनकी भागीदारी को लेकर भी चर्चा की गई। ओजस्वी भीमा मंडावी ने महिलाओं की समस्याओं के समाधान के लिए महिला आयोग की भूमिका और सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी भी साझा की। इस अवसर पर भाजपा अंडा-निकुम मंडल के कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। प्रमुख रूप से महामंत्री डिलेश गब्बर साहू, राजेंद्र साहू, तामेश्वर ठाकुर, जोधन साहू, एमेश साहू, राजू साहू, हनिस यादव और कमलेश ठाकुर कार्यक्रम में मौजूद रहे। सभी कार्यकर्ताओं ने महिला आयोग की सदस्य का स्वागत करते हुए उनके कार्यों की सराहना की।

## निधन

### रामजियावन जायसवाल



**भिलाई।** सेक्टर-1 सड़क-एवेन्यू भिलाई निवासी सेवानिवृत्त बीएसपी अधिकारी रामजियावन जायसवाल (80) वर्ष का निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार 13 मार्च को रामनगर मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे राजकुमार, उमेश के पिता एवं अतुल और रूपम के दादा थे।

### विजय साहू



**अंडा।** ग्राम चिंगरी निवासी व पूर्व सरपंच विजय साहू 63 वर्ष का आकस्मिक निधन 12 मार्च को हो गया। उनका अंतिम संस्कार गृह ग्राम के मुक्तीधाम में किया गया। वे नर्मदा साहू के पति व सुखनंदन साहू के बड़े भाई थे। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार को छोड़ गए हैं।

### रामकृष्ण योगी



**अंडा।** ग्राम अंडा गाधींभाठा पारा निवासी सेवानिवृत्त शिक्षक रामकृष्ण योगी 83 वर्ष का निधन 12 मार्च को हो गया। उनका अंतिम संस्कार गृहग्राम के मुक्तीधाम में किया गया। वे मुरलीकृष्ण योगी के पति व शिक्षिका प्रेमलता योगी, अमरनाथ योगी के पिता थे । वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं।

### सूरज साहू



**दुर्ग।** कसारीडीह निवासी एवं झाडूराम देवांगन शासकीय उच्च. माध्य. विद्यालय के क्लर्क सूरज कुमार साहू नब्बू) 55 वर्ष का गुरुवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 13 मार्च को सुबह 11 बजे शिवनाथ नदी मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे कसारीडीह वार्ड क्रमांक-43 के पार्षद व दुर्ग जिला कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष दीपक साहू के छोटे भाई, कुसुम साहू के पति व आशुतोष साहू, उज्जवल साहू के पिता थे।

## नवनीत महिला मानस मंडली और समस्त ग्रामवासी चिंगरी का भक्तिपूर्ण आयोजन

# श्रीमद् भागवत कथा में सुदामा चरित्र, परीक्षित मोक्ष और चढ़ोतरी का व्याख्यान, श्रद्धालु हुए भाव-विभोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

नवनीत महिला मानस मंडली एवं समस्त ग्रामवासी चिंगरी के तत्वावधान में आयोजित श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के अंतिम दिन गुरुवार को कथा व्यास पं. भूपेंद्र पाण्डेय महाराज (गुंडरदेही) ने सुदामा चरित्र और राजा परीक्षित मोक्ष का भावपूर्ण वर्णन किया। कथा श्रवण के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

कथा के दौरान पं. पाण्डेय महाराज ने सुदामा चरित्र का वर्णन करते हुए बताया कि भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा की मित्रता सच्चे प्रेम और विश्वास का प्रतीक है। जब सुदामा अपनी गरीबी के बावजूद भगवान श्रीकृष्ण से मिलने द्वारका पहुंचे, तो भगवान ने अपने मित्र का बड़े प्रेम और सम्मान के साथ स्वागत किया। भगवान की कृपा से सुदामा का जीवन सुख-समृद्धि से भर गया।

इसके बाद राजा परीक्षित मोक्ष का प्रसंग सुनाते हुए बताया गया कि राजा परीक्षित को श्राप मिलने के बाद उन्होंने सात दिनों तक श्रीमद भागवत कथा का श्रवण किया और अंत में भगवान के धाम को प्राप्त हुए। इस प्रसंग से यह शिक्षा मिलती है कि भगवान की कथा का श्रवण मानव जीवन को मोक्ष की ओर ले जाता है। कथा के समापन अवसर पर श्रद्धालुओं द्वारा श्रद्धा और भक्ति के साथ चढ़ौतरी की गई। इस दौरान भजन-कीर्तन और भगवान के जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा। बड़ी संख्या में ग्रामीण श्रद्धालुओं ने कथा श्रवण कर धर्म लाभ लिया। इस अवसर पर पूर्व सरपंच पुष्पा देशमुख, लक्ष्मी दिल्लीवार, जानकी साहू, अनुसुईया यादव, कुसुम, रीना साहू,डा. के. एल. दिल्लीवार, बी. एन. भरद्वाज, मालिक राम साहू, भूखन लाल दिल्लीवार, राहुल, साकेत पटेल, बंटी टेंटहाऊस के संचालक सचिन दिल्लीवार सहित ग्रामवासी उपस्थित थे।

### श्रीकृष्ण और सुदामा की मित्रता सच्चे प्रेम और विश्वास का प्रतीक





### गजेन्द्र मोक्ष, सागर मंथन और वामन अवतार की कथा से भक्त हुए भावविभोर



**अंडा।** संत निरंजन महाराज ने यहां गजेंद्र मोक्ष, सागर मंथन,देव असुर संग्राम,वामन अवतार,राजा बलि प्रसंग की कथा सुनाई। जिसमें भगवान किशन कन्हैया के भक्ति को लोगों में आत्म कल्याण हेतु जानकारी दी। इस दौरान टुमन लाल सेन सलौनी ने भागवत कथा श्रवण लाभ लेने पहुंचने की अपील की। कथा के दौरान निरंजन महाराज ने गजेन्द्र मोक्ष की कथा सुनाते हुए बताया कि जब हाथी गजेन्द्र मगरमच्छ के चंगुल में फंस गया और उसने सच्चे मन से भगवान विष्णु का स्मरण किया, तब भगवान स्वयं प्रकट होकर अपने भक्त की रक्षा करने पहुंचे और उसे मोक्ष प्रदान किया। इस प्रसंग से महाराज ने बताया कि सच्ची श्रद्धा और भक्ति से भगवान अवश्य अपने भक्तों की रक्षा करते हैं। इसके बाद सागर मंथन और देव-असुर संग्राम का प्रसंग सुनाया गया। आचार्य जी ने बताया कि देवताओं और असुरों ने मिलकर समुद्र मंथन किया, जिससे अनेक दिव्य रत्न प्रकट हुए। इस दौरान भगवान विष्णु ने देवताओं की सहायता कर धर्म की स्थापना की। कथा के अगले प्रसंग में वामन अवतार और राजा बली की कथा का वर्णन किया गया। महाराज जी ने बताया कि भगवान विष्णु ने वामन रूप धारण कर दानवीर राजा बली से तीन पग भूमि मांगी। भगवान ने अपने विराट रूप में तीनों लोकों को नाप लिया और राजा बली को पाताल लोक का स्वामी बना दिया। इस कथा के माध्यम से दान, भक्ति और भगवान की लीला का महत्व बताया गया। कथा के दौरान उपस्थित श्रद्धालु भक्त भक्ति रस में डूबे रहे। कार्यक्रम में मुख्य यजमानों सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे। अंत में आरती और प्रसाद वितरण के साथ कथा का समापन किया गया।



# सुपोषण चौपाल के माध्यम से समाज कार्य के विद्यार्थियों ने किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

- लोगों को पौष्टिक आहार और स्वस्थ जीवनशैली की दी जानकारी

शैलदेवी महाविद्यालय अंडा के समाज कार्य के विद्यार्थियों द्वारा क्षेत्रीय कार्य के अंतर्गत ग्राम गोंडेला में सुपोषण चौपाल का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र में लोगों को पौष्टिक आहार और स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूक करना था।

कार्यक्रम के दौरान गर्भवती माताओं और अन्य ग्रामीणों को आंगनबाड़ी केंद्र में एकत्रित कर सुपोषण से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। विद्यार्थियों ने सुपोषण चौपाल के माध्यम से रेडी टू ईट पाउडर, हरी साग-सब्जी, मूंग, भाजी, चना आदि पौष्टिक खाद्य पदार्थों को नियमित भोजन में शामिल करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में ग्राम सरपंच वागीश बंजारे उपस्थित रहे। साथ ही लीलाधर साहू (सचिव), राजेश साहू (पंच) एवं ढाल सिंह साहू (सहायक प्राध्यापक) भी कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यार्थियों लेमन, विनय, दामन, विकास, आरती, डोमेश्वरी, नम्रता, ललिता, लोकेश्वरी, संजय, चंद्रशेखर, पदमनी, सिमरन, हेमिन, सरिता, ज्योति, यशोनिधि, पामेश्वरी, मनीषा, रामेश्वर, देविका और टिकेश्वरी की विशेष भूमिका रही।

# मेयर ने नाली बनाने अपने वार्ड में किया भूमिपूजन



**भिलाई।** नगर पालिक निगम रिसाली के वार्ड 9 डीपीएस रिसाली सेक्टर में नाली निर्माण किया जाएगा। इस कार्य के लिए महापौर शशि सिन्हा ने 7 लाख 50 हजार की राशि अपने निधि से स्वीकृत की है। उन्होंने मंगलवार को भूमिपूजन कर कार्य आरंभ कराया। महापौर शशि सिन्हा ने इस अवसर पर उपस्थि लोगों से कहा कि प्राथमिकता के आधार में वे कार्य स्वीकृत कर रही है और विकास कार्य को मूर्त रूप देने भूमिपूजन भी साथ ही साथ कर रही है। उन्होंने बताया कि ब्लाक 275 से ब्लाक 281 तक नाली निर्माण कार्य किया जाएगा। भूमिपूजन कार्यक्रम में मोहन राव, कृष्ण वेणू, शकुंतला वर्मा, गिरजा ठाकुर, सुमन ध्रुव देवांगन, फगेश ठाकुर उपस्थित थे।

# सेलूद में 5 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ और शिव महापुराण कथा का अप्रैल में होगा आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेलूद



गायत्री परिवार की माताजी की जन्म शताब्दी समारोह प्रयाज अभियान के अन्तर्गत आयोजित 5 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ, शिव महापुराण कथा सेलूद (बाजार चौंक) में अप्रैल में होगा। जिसमें श्रीमद् शिव महापुराण कथा, 5 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ आयोजित है। कथा व्यासपीठ पर आचार्य महादेव रायपुर (बंजारी) वाले विराजित होंगे । कार्यक्रम में 09 अप्रैल गुरुवार को अपराह्न 3 बजे से कलश यात्रा, शाम 5 बजे संगीत एवं प्रवचन, 10 अप्रैल शुक्रवार प्रतिदिन सुबह 9 बजे से 12 बजे तक गायत्री महायज्ञ, 12 से 2 बजे तक भोजन विश्राम, दोपहर 2 से 5 बजे तक शिव महापुराण कथा, 12 अप्रैल रविवार सुबह 9 से 12 बजे तक गायत्री यज्ञ, 2 से 3 बजे महिला सम्मेलन (मार्गदर्शन गायत्री शक्तिपीठ आमालोरी), 3 से 6 बजे शिव महापुराण कथा, 6 से 7 बजे दीप महायज्ञ, 14 अप्रैल मंगलवार सुबह 8 से 12 बजे यज्ञ, 12 से 2 बजे शिवमहापुराण कथा, दोपहर 2 बजे टोली बिदाई, आभार समापन, प्रसादी भंडारा होगा।

इस अवसर पर पुंसवन, विद्यारंभ, दीक्षा, विवाह दिवस, जन्मदिन, यज्ञोपवीत आदि संस्कार यज्ञ में निःशुल्क करायें जायेंगे, जिसका समय पूर्व पंजीयन होगा। ग्राम सेलूद के कर्मा भवन में बैठक आहूत कर उक्त आयोजन को सफल बनाने के लिए गायत्री शक्ति पीठ आमालोरी के प्रमुख पदाधिकारियो ने मार्गदर्शन दिए। जिसमे प्रमुख रूप से कौशल आडिल, अशोक सिंह राजपूत, जगन्नाथ देवांगन, महेश वर्मा, भागवत वर्मा, सियाराम चंद्रकार, लीला सिंह, अजय सिंह ठाकुर, महेश्वर बन्छोर, आयोजन समिति के पदाधिकारी सत्यभामा बन्छोर, सीता बन्छोर, ललिता वर्मा, उर्वशी बंछोर, गूँजेश्वरी बन्छोर, विमला साहू, केंवरा साहू, खेमिन, सुरेखा साहू, खेमिन साहू पूर्व सरपंच, रमेश देवांगन, टामनलाल साहू, सुनीता ठाकुर, ललिता बनपेला, योगेश्वरी साहू और ललिता वर्मा उपस्थित रहे।

# ब्लॉक कांग्रेस 4 की कार्यकारिणी घोषित, 60 को मिली जगह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



भिलाई शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अंतर्गत ब्लॉक कांग्रेस कमेटी-4 की नई कार्यकारिणी की पहली सूची जारी कर दी गई है। ब्लॉक अध्यक्ष और पूर्व पार्षद सौरभ दत्ता ने कुल 60 पदाधिकारियों के नामों की घोषणा की है। कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष अभय कुमार भद्रा, सीएच श्रीनिवास राव, पंडिती जोसुआ, दाउलाल चंद्राकर, बीएम सिंह, हमीद देशलहरे, धनुष साहू, अजय यादव, कोषाध्यक्ष सतीश सोनकर, महामंत्री प्रकाश राव, अजय सोनी, रितेश प्रसाद, टीआर कन्नोजे, शंकर लाल रजक, संतोष उमरेकर, गोपाल यादव, शोभा दास, सत्यनारायण गुप्ता, डीपी सिंह, मोहम्मद हबीब मंसूरी, आकाश हांडे, लखपति सोना, राम शरण चंद्राकर, सचिव लक्ष्मीकांत तिवारी, पीएस राव, विजया राव, रामकिशन प्रसाद, संदीप कोरी, प्रेमनाथ मारकंडे, अर्जुन चौहान, लीना नेताम, रंजित पासवान, अजय, डड़सेना, इकबाल अहमद, युवराज डड़सेना, नितिन राज, ज्ञानवती मैत्रेय, आमिर खान, संयुक्त महामंत्री अकरम, जोन्सन एस. बारा, एन. रामचंद्रन राव, अजय सोनी,अश्वनी तिवारी, राकेश ठाकुर, शैलेश प्रजापति, एस. जे. कुरैशी, महेंद्र सिंह गिल(सन्नी), तुमेश राठोर, डी. विजय, गौरव साहू, दिनेश शर्मा, नागेन्द्र रेड्डी सहित कार्यकारिणी सदस्य अभय प्रताप सिंह, अमित उपाध्याय, विकास सिंह केशरिया, अवि साहू, शशांक राठोर, शशि शेखर पंडा, रामाराव रेड्डी शामिल हैं।

## विश्व किडनी रोकथाम दिवस पर जागरुकता कार्यक्रम

# किडनी रोग से बचाव के लिए बीपी-शुगर करें कंट्रोल, संतुलित मात्रा में करें नमक का सेवन



**भिलाई।** विश्व किडनी रोकथाम दिवस के अवसर पर आज हाईटेक सुपरस्पेशालिटी हॉस्पिटल में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डॉ. सुमन राव के नेतृत्व में डायलिसिस टीम ने किडनी रोगों से बचाव का संदेश दिया।

डॉ. सुमन राव ने कहा कि किडनी रोगों से बचाव के लिए स्वस्थ जीवनशैली अपनाना सबसे जरूरी है। पर्याप्त पानी पिएं, नमक और प्रोसेस्ड फूड कम खाएं, ब्लड शुगर और बीपी को नियंत्रित रखें, और धूम्रपान/शराब से बचें। धूम्रपान किडनी में रक्त के बहाव को कम करता है, इसे छोड़ना ही बेहतर है। आहार में ताजे फल, सब्जियां और साबुत अनाज शामिल करें। बिना डॉक्टर की सलाह के दर्द निवारक दवाएं न लें और नियमित व्यायाम करें। उन्होंने बताया कि किडनी रोगों का पता लगाना बहुत कठिन होता है। जब 75 फिसदी किडनी खराब हो चुकी होती है तब भी इसके लक्षण बहुत अस्पष्ट होते हैं। 35 साल की उम्र के बाद साल में एक बार किडनी फंक्शन टेस्ट जैसे यूरिन और ब्लड टेस्ट करवाना चाहिए। उन्होंने कहा कि डायलिसिस से डरने की जरूरत नहीं है। अस्पताल के मेडिकल डायरेक्टर डॉ. रंजन सेनगुप्ता ने बताया कि हाईटेक में डायलिसिस के लिए एक पूरी डेडिकेटड टीम है। इसके अलावा बैकअप में विशेषज्ञों की एक पूरी टीम मौजूद है जो किसी भी तरह की इमरजेंसी को हैंडल कर सकती है। अस्पताल में तीनों शिफ्ट में डायलिसिस किया जाता है जो आपातकालीन स्थितियों के प्रबंधन के लिए जरूरी है।

### मुकदमें के फैसले के बारे में समन्स

(सिविल प्रोसीजर कोड, आर्डर 5 रूल्स 1 और 5)
दीवानी मुकदमा नं. 246/A/2005
अ.ले.क्र.77/2026, पेशी तारीख : 28.03.2026

अदालत -(रवि कुमार महोबिया) प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी दुर्ग के न्यायालय के प्रथम अतिरिक्त न्यायाधीश दुर्ग, जिला-दुर्ग (छ.ग.)

**आवेदक**-रितेश मेहरा व अन्य, **अनावेदक**-मनराखन व अन्य। **बनाम**- मनराखन आ. श्री फत्तेलाल, निवासी - मकान नं-130, वार्ड क्रमांक - 19, तितुरडीह, दुर्ग, तहसील व जिला - दुर्ग (छ.ग.)

क्योंकि मुद्दई मजकूर ने आपके खिलाफ दावा वास्ते घोषणा एवं स्थायी निषेधाज्ञा का मुकदमा दायर किया है, आपको इस समंस के जरिये हुक्म होता है कि आप इस अदालत में तारीख 28 माह 03 सन् 2026 ई. को दिन के 11 बजे खुद या ऐसे वकील के मार्फत जिसे कि मुकदमें की बातें ठीक-ठाक तौर से समझा दी हो और जो कि मुकदमे के बारे में कुल जरुरी सवालात का जवाब दे सके (या) जिसके साथ कोई ऐसा आदमी मौजूद हो जो कि ऐसे सवालात का जवाब दे सके) मुकदमें का जवाब देने के लिये हाजिर हो जावो और आपकी हाजरी के लिये मुकर्रर किया हुआ दिन मुकदमें के आखिरी फैसले के वास्ते रखा जाने की वजह से आपको उस तारीख को ऐसे सभी गवाहों और दस्तावेजों को पेश करने के लिये तैयार रखना होगा कि जिन पर आप अपने बचाव की पुष्टि के लिये भरोसा रखना चाहते हो। आपको ताकीद की जाती है कि यदि आप तारीख नजकूर पर हाजिर न होवोगे तो आपके गैर हाजिरी में मुकदमें की सुनवाई होकर उसका फैसला किया जावेगा। आज तारीख 09 माह 03 सन 2026 को अदालत की मुहर से जारी किया गया।

**(रवि कुमार महोबिया)**
प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी दुर्ग के न्यायालय के प्रथम अतिरिक्त न्यायाधीश दुर्ग, जिला-दुर्ग (छ.ग.)
मुहर

### आम सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे हितैषी पक्षकार डॉक्टर श्री शशांक चंद्राकर के पैतृक हक व हिस्से और स्वामित्व की भूमि ग्राम-जामगांव आर., पटवारी हल्का नंबर-46, खसरा नंबर-11/1, 11/3, 86/4, 312, 313, 314, 315, 316, 319/1,484/1, रकबा क्रमशः 1.78, 0.80, 1.49, 1.22, 0.08, 0.15, 0.13, 0.13, 0.97, 0. 27 हेक्टेयर कुल खसरा-10 कुल रकबा 7.02 हेक्टेयर, तहसील-पाटन, जिला दुर्ग एवं ग्राम-बोरवाय, पटवारी हल्का नंबर-46, खसरा नंबर- 791/1, रकबा 0.80 हेक्टेयर, तहसील-पाटन, जिला दुर्ग जो कि मेरे हितैषी पक्षकार के पिता श्री रामदयाल चंद्राकर के नाम पर राजस्व भू अभिलेख में दर्ज है। चूंकि उपरोक्त वर्णित संपत्ति पर मेरे हितैषी पक्षकार डॉक्टर श्री शशांक चंद्राकर उनकी माता श्रीमती चित्रलेखा चंद्राकर एवं उनकी विवाहित बहन का हक दावा व हिस्सा है। मेरे हितैषी पक्षकार को इस बात की जानकारी प्राप्त हुई है कि उनके पिता श्री रामदयाल चंद्राकर के द्वारा उपरोक्त वर्णित संपत्ति को अंतरण/हस्तांतरण करने का कुप्रयास किया जा रहा है, जिसके लिए इस आम सूचना के माध्यम से सर्वसाधारण आम व खास को सूचित कर आग्रह किया जाता है कि, उपरोक्त वर्णित संपत्ति को कोई भी व्यक्ति श्री रामदयाल चंद्राकर से अथवा अन्य व्यक्ति से क्रय विक्रय करने का या अंतरण/हस्तांतरण करने का प्रयास न करें, यदि किसी भी व्यक्ति के द्वारा उपरोक्त वर्णित संपत्ति को खरीदी बिक्री या अंतरण/हस्तांतरण करने का प्रयास किया जाता है तो मेरे हितैषी पक्षकार की ओर से सक्षम अधिकारीता के न्यायालय और विभागों में वाद दावा प्रस्तुत किया जाएगा जिसके समस्त हर्जे एवं खर्चे के लिए संबंधित पक्षकारगण स्वयं जिम्मेदार और जवाबदार होवेंगे

सो सूचना जाने और अमल में लावें।

स्थान : दुर्ग
दिनांक: 05/03/2026 भवदीय
मनदीप सिंह (अधिवक्ता)
जिला न्यायालय दुर्ग छत्तीसगढ़
मो नं.- 9329011990

### आम सूचना का खण्डन

वरिष्ठ अधिवक्ता श्री लखन लाल शर्मा द्वारा दैनिक समाचार पत्र नवभारत पृष्ठ क्रमांक 2 में प्रकाशित आम सूचना दिनांक 20.2.2026 का मैं अपने हितैषी पक्षकार डॉ. श्री शशांक चंद्राकर से प्राप्त अधिकार एवं निर्देशानुसार निम्नांकित विधिक एवं तथ्यात्मक आधार पर खण्डन करता हूँ :-

**1. यह कि,** ग्राम घोकुडिया तहसील धमधा जिला दुर्ग भूमि ख. नं. 396 एवं 399 रकबा क्रमशः 0.24, 0.94 हे. कुल रकबा 1.18 हे. भूमि स्वामी डॉक्टर श्री शशांक चंद्राकर एवं ख. नं. 400, 403 रकबा 0.22, 0.73 हे. कुल रकबा 0.95 हे. भूमि स्वामी श्रीमती चित्रलेखा चंद्राकर के नाम में दर्ज है, ग्राम जामगांव आर में ख. नं. 319/2 रकबा 0.50 हे. डॉ श्री शशांक चंद्राकर के नाम की भूमि पर निर्मित पेट्रोल पंप जो कि उनके नाम पर राजस्व भू अभिलेख में दर्ज है एवं उस पर निर्मित पेट्रोल पंप का अनुज्ञाधारी है। पद्मनापुर में स्थित मकान एम.आई.जी. 740, पुलगांव रोड डी मार्ट के सामने पुराना भारतीय कृषि महाविद्यालय के बाजू में स्थित खुली जमीन लगभग 1.50 एकड़ एवं महाराज चौक दुर्ग गणपति सेल्स के बाजू में स्थित तीन मंजिला व्यावसायिक भवन है, जिसे मेरे हितैषी पक्षकार की स्वअर्जित संपत्ति है एवं उनकी माता के द्वारा अपने स्वयं के स्त्रीधन एवं मायके से प्राप्त हक हिस्से से क्रय किया गया है।

**2. यह कि,** मेरे हितैषी पक्षकार के द्वारा किसी भी संपत्ति का कोई विक्रय करने का सौदा या प्रयास नहीं किया जा रहा है और किसी भी व्यक्ति को विक्रय किए जाने के उद्देश्य से कोई प्राधिकार भी प्रदान नही किया गया है। चूंकि मेरे हितैषी पक्षकार के पिता श्री रामदयाल चंद्राकर की मनःस्थिति अन्य बाहरी व्यक्तियों के दबाव और प्रभाव के अधीन होने की वजह से पूर्व में भी उनके द्वारा डॉ श्री शशांक चंद्राकर के स्वामित्व एवं अधिकार की संपत्ति को विक्रय किए जाने का कुप्रयास किया जा चुका है, जिसके लिए अन्य व्यक्तियों के द्वारा उनके विरुद्ध संबंधित क्षेत्राधिकार के थाना पुलिस के समक्ष अपराध पंजीबद्ध किए जाने के उद्देश्य से शिकायत की गई थी, जिस पर मेरे हितैषी पक्षकार ने आपसी राजीनामा अनुसार समझौता कर मामले का निराकरण करते हुये श्री रामदयाल चंद्राकर के द्वारा निष्पादित इकरारनामा को निरस्त घोषित किया गया है। इस आम सूचना के खण्डन के माध्यम से हर आम खास को सूचित कर आग्रह किया जाता है कि कोई भी व्यक्ति मेरे हितैषी पक्षकार के पिता श्री रामदयाल चंद्राकर या अन्य व्यक्ति से उपरोक्त वर्णित संपत्तियों के संबंध में खरीदी-बिक्री या हस्तांतरण करने का कोई सौदा अथवा संव्यवहार इकरारनामा निष्पादित ना करें। यदि किसी अन्य व्यक्ति के द्वारा मेरे हितैषी पक्षकार के उपरोक्त वर्णित स्वामित्व एवं दावे से संबंधित भूमि एवं संपत्ति का कोई क्रय-विक्रय या हस्तांतरण करने का सौदा संव्यवहार या हस्तांतरण श्री रामदयाल चंद्राकर या अन्य किसी व्यक्ति से किया जाता है तो विधि अनुसार शून्य होगा और उनके विरुद्ध संबंधित क्षेत्राधिकार के न्यायालय अथवा पुलिस प्रशासन के समक्ष आपराधिक प्रकरण और मामला दावा प्रस्तुत किया जाएगा जिसके समस्त हर्जे एवं खर्चे के लिए सबंधित पक्षकार स्वय जिम्मेदार होगे।

सो सूचना जाने व अमल में लावें।

स्थान : दुर्ग
दिनांक : 05.03.2026 भवदीय
मनदीप सिंह (अधिवक्ता)
जिला न्यायालय दुर्ग छत्तीसगढ़
पिन-491001
मो. 9329011990

### आम सूचना का खण्डन

1. यह कि, वरिष्ठ अधिवक्ता श्री लखन लाल शर्मा द्वारा दैनिक समाचार पत्र नवभारत पृष्ठ क्रमांक 2 में प्रकाशित आम सूचना दिनांक 20 फरवरी 2026 के समस्त तथ्यात्मक कथन कि उपरोक्त आम सूचना में वर्णित संपत्तियों को श्री रामदयाल चंद्राकर के द्वारा क्रय किया गया है का कथन और अन्य कथन पूर्णतः असत्य एवं कपटपूर्ण तरीके से किया गया झूठा और मिथ्या कथन है। सही कथन यह है कि श्री रामदयाल चंद्राकर ने अपने पूरे जीवन काल में अपने वृद्ध पिता के विरुद्ध जीवित रहते हुए अपने ही पिता को मानसिक कष्ट देने के उद्देश्य और भाव से झूठे मामले विभिन्न न्यायालयों में चलाकर अपने पिता को मानसिक कष्ट दिया हैं तथा अपनी पत्नी श्रीमती चित्रलेखा चंद्राकर को जीवन भर उचित मान सम्मान से वंचित कर सदैव अपनी धर्मपत्नी का तिरस्कार किया है। जबकि मेरे हितैषी पक्षकार ने उनकी वृद्धावस्था एवं स्वास्थगत कारणों को दृष्टिगत रखते हुए समस्त दैनिक कार्यों में सहयोग प्रदान करने के उद्देश्य से परामर्श दिए जाने पर श्री रामदयाल चंद्राकर के द्वारा बिना किसी विधिक आधार के अपने अधिवक्ता की ओर से आम सूचना में किए गए सभी कथन कुंठाग्रसित होकर बाहरी व्यक्तियों के बहकावे में आकर किए गए असत्य और झूठे कथन है।

**2. यह कि,** मेरे हितैषी पक्षकार के पिता श्री रामदयाल चंद्राकर ने अन्य बाहरी व्यक्तियों के बहकावे और दबाव में आकर बिना कोई वैध कारण के उपरोक्त आम सूचना में वर्णित संपत्तियों पर जबरन झूठे तथ्यात्मक आधार पर न्यायालय में वाद दावा प्रस्तुत कर दिए हैं, जबकि मेरे हितैषी पक्षकार के द्वारा अपने पिता के पक्ष में पितृ मोह वश जामगांव आर में स्थित पेट्रोल पंप श्री ओम फ्यूल्स के संचालन का प्राधिकार एवं बैंक खाता से संबंधित रिक्त चेक बुक, कोरे कागज एवं अन्य दस्तावेज पर हस्ताक्षर कर उन्हें प्रदान किया गया है, जिसके हिसाब-किताब लाभ हानि से संबंधित कोई जानकारी उनके द्वारा मेरे हितैषी पक्षकार को प्रदान नहीं की जा रही है। घर के वरिष्ठ सदस्य होने की वजह से श्री रामदयाल चंद्राकर बाहरी व्यक्तियों के बहकावे में आकर अपने अधिकारों का दुरूपयोग करते हुए अन्य व्यक्तियों के पक्ष में मेरे हितैषी पक्षकार की संपत्तियों का विक्रय करने का कुप्रयास किया जा रहा है।

**3. यह कि,** मेरे हितैषी पक्षकार ने जो पूर्व में जामगांव आर में स्थित श्री ओम फ्यूल्स पेट्रोल पंप के संचालन से संबंधित समस्त अधिकार अपने पिता श्री रामदयाल चंद्राकर को प्रदान किए गए थे, उपरोक्त संचालन संबंधित कार्यवाही में उनकी मानसिक और स्वास्थगत कारणों को दृष्टिगत रखते हुए समस्त वैधानिक कार्यवाहियों से उन्हें विमुख कर रहे हैं। कोई भी व्यक्ति अथवा संस्था श्री रामदयाल चंद्राकर से श्री ओम फ्यूल्स के नाम से संचालित पेट्रोल पंप के संचालन प्राधिकार को देखकर कोई सौदा या संव्यवहार ना करें।

सो सूचना जाने व अमल में लायें।

स्थान : दुर्ग
दिनांक : 05.03.2026 भवदीय
मनदीप सिंह (अधिवक्ता)
जिला न्यायालय दुर्ग छत्तीसगढ़
पिन-491001
मो. 9329011990

# तीजन बाई की सेहत पहले से बेहतर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



पिछले दो साल से अस्वस्थ चल रहीं प्रख्यात पंडवानी गायिका तीजन बाई की तबीयत अब पहले से कुछ बेहतर है। उनका ब्लड प्रेशर सामान्य है और फल आदि हल्का भोजन ले रही हैं। डाक्टर और चिकित्सा कर्मी नियमित फीजियो व चेकअप के लिए आ रहे हैं वहीं परिजन भी नियमित रुप से उनकी स्वास्थ्य व देखभाल में जुटे हुए हैं। उल्लेखनीय है कि कुछ दिनों पूर्व 72 वर्षीय तीजन बाई का बीपी हाई होने पर परिजनों द्वारा एम्स रायपुर के डाक्टरों को जानकारी देते हुए चेकअप व मेडिकल सलाह ली गई थी। रक्तचाप के साथ कमजोरी की शिकायत पर एम्स के डाक्टरों ने निगरानी पर रखे जाने का पूरा भरोसा दिलाया था। परिजनों के मुताबिक तीजन बाई की तबियत अभी पहले से ठीक है और बीपी भी सामान्य है। खाने में हल्का भोजन ले रही हैं। वे घर पर ही स्वास्थ्य लाभ ले रही हैं। गौरतलब हो कि दो साल पूर्व पैरालाइज अटैक के बाद से तीजन बाई अस्वस्थ हैं और बेड पर ही हैं। डाक्टर गनियारी स्थित उनके घर पर उनकी सेहत का खयाल रखे हुए हैं। परिजन भी सतत रुप से देखभाल व सेवासुश्रुषा में जुटे हुए हैं।

### एसपी 2 से कोक ओवन के बीच सड़क उद्घाटित

**भिलाई।** बीएसपी के सिंटर प्लांट–2 से कोक ओवन के बीच यांत्रिकी संगठन द्वारा निर्मित नई कॉक्रीट सड़क का उद्घाटन कार्यपालक निदेशक राकेश कुमार ने किया। सीजीएम तुषार कांत व बीके बेहेरा भी उपस्थित थे। तीन महीने में पूर्ण हुई इस सड़क से संयंत्र परिसर के भीतर वाहनों की सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित हो सकेगी। राकेश कुमार ने कहा कि यह परियोजना सभी के द्वारा अपने कार्य का स्वामित्व लेकर सामूहिक रूप से लक्ष्य प्राप्त करने का अच्छा उदाहरण है।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### मटेरियल मैनेजमेंट विभाग में मना महिला दिवस

**भिलाई।** बीएसपी के मैटेरियल मैनेजमेंट विभाग, बार एवं रॉड मिल तथा स्टील मेल्टिंग शॉप-3 द्वारा महिला दिवस पर महिला कर्मचारियों के योगदान को सम्मानित किया गया। मैटेरियल मैनेजमेंट (एमएम) विभाग के कार्यक्रम की मुख्य अतिथि कृष्णकुमारी सुब्बाराव व कविता मिश्रा थीं। कृष्णकुमारी सुब्बाराव ने महिलाओं में निहित रचनात्मकता पर प्रकाश डाला। उप महाप्रबंधक यामिनी ताम्रकार ने प्रश्नोत्तरी सत्र का संचालन किया। सेक्टर नौ हास्पिटल में कार्यक्रम हुआ। कार्यपालक निदेशक चक्रवर्ती, सीजीएम पी सुब्बा राव, केसी मिश्रा व एके मिश्रा थे। इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक एके चक्रवर्ती ने कहा कि किसी भी संगठन और समाज की वास्तविक प्रगति महिलाओं के सशक्तिकरण से ही संभव है। कार्यक्रम का संचालन सहायक महाप्रबंधक सुमन लता और प्रीति भटनागर ने आभार प्रदर्शन पकिया। बार एवं रॉड मिल विभाग में भी महिला दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महिला कर्मियों को सम्मानित किया गया।

### बीएसपी में राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस कार्यक्रम




**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के सुरक्षा इंजीनियरिंग विभाग द्वारा राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस कार्यक्रम महात्मा गांधी कला मंदिर में सुरक्षा बढ़ाने के लिए लोगों को जोड़े विषय पर हुआ। मुख्य अतिथि अजय कुमार चक्रवर्ती व विशिष्ट अतिथि कार्यपालक निदेशक प्रवीण निगम,पवन कुमार, पीके सरकार, तथा मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी तुषारकांत थे। एजीएम शोवन घोष ने सुरक्षा शपथ दिलाई। लोमस कुमार साहू के बांसुरी वादन के बाद सुरक्षा जागरूकता वीडियो भी प्रदर्शित किया गया। स्वागत उद्बोधन मुख्य महाप्रबंधक डी सतपथी ने दिया। मुख्य अतिथि ने कहा कि अनसेफ कंडीशन में काम ना करें और ना ही किसी को करने दें। सुरक्षा जागरूकता बढ़ाने के लिए क्षेत्रवार सर्वश्रेष्ठ पुरस्कार अतिथियों द्वारा वितरित किये गए। कार्यक्रम का संचालन उप प्रबंधक जेडीमानिकपुरी ने किया और महाप्रबंधक प्रभारी एस.के. अग्रवाल ने आभार प्रदर्शन किया।

### कोक ओवन में सुरक्षा प्रदर्शनी

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के कोक ओवन एवं कोल केमिकल विभाग में सप्ताह व सुरक्षा प्रदर्शनी का उद्घाटन महाप्रबंधक देबदत्त सतपथी तथा मुख्य महाप्रबंधक तुलाराम बेहेरा ने महाप्रबंधक प्रभारी झगर सिंह, महाप्रबंधक, विभाग के वरिष्ठ अधिकारी, यूनियन व ओए प्रतिनिधि व संविदा कर्मचारी उपस्थित थे। कार्यक्रम के प्रथम सत्र में सुरक्षा विषय पर आधारित रंगोली प्रतियोगिता में दीपिका ने प्रथम, मीरा देवांगन सत्तो बाई को तृतीय स्थान मिला। निर्णायक समंता राय तथा यूवी सुभद्रा थीं।

# जिले के मॉडल साक्षरता केंद्र का नई दिल्ली की टीम ने किया अवलोकन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

दुर्ग जिले की साक्षरता कार्यक्रम का अवलोकन करने नई दिल्ली की टीम पहुंची। टीम ने दुर्ग जिले के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला हनोदा में स्थापित जिला स्तरीय मॉडल साक्षरता केन्द्र का अवलोकन किया। इस दौरान केन्द्र में उपस्थिति नवसाक्षर शिक्षार्थियों से कार्यक्रम के संबंध में उनके अनुभव एवं कार्यक्रम के माध्यम से उन्हे हो रहे लाभों की जानकारी ली। सभी नवसाक्षरों, स्वयं सेवी शिक्षकों एवं अन्य ग्रामवासियों को असाक्षरों का चिन्हांकन कर न केवल ग्राम को अपितु पूरे जिले को शत-प्रतिशत साक्षर जिला बनाने में अपना योगदान देने की बात कही।

## जिले को पूर्ण साक्षर बनाने में योगदान देने पर दिया जोर



### टीम ने की सराहना

भारत सरकार शिक्षा एवं साक्षरता मंत्रालय द्वारा संचालित उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यकम अंतर्गत छ.ग. राज्य में संचालित कार्यक्रम के अवलोकन हेतु सीएनसीएल नई दिल्ली की टीम के सदस्य डॉ. अजीत कुमार मोहत, प्रोफेसर दिल्ली विश्वविद्यालय, डॉ. मोनालिसा पॉल एवं राजकुमार कंसलटेन्ट, एन.सी.ई.आर.टी. के साथ एस.सी.ई.आर.टी. के सहायक प्राध्यापक डेकेश्वर वर्मा शामिल रहे। केन्द्र में उल्लास कार्यक्रम से संबंधित प्रदर्शित सहायक शिक्षण सामग्रियों का अवलोकन करने के साथ-साथ इन सभी सामग्रियों से नवसाक्षरों के साथ गतिविधियों की और नवं साक्षरों द्वारा बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान से संबधित किये गये गतिविधियों की प्रशंसा की।

### शिक्षार्थियों ने कहा- पढ़ने-लिखने कर मिल रहा अवसर

टीम को शिक्षार्थियों ने बताया कि इस अभियान के माध्यम से उन्हें पढ़ने-लिखने और सरल गणितीय कौशलों को सीखने का अवसर मिला है, जिससे उन्हे दैनिक जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आया है। उन्होंने केन्द्र में उपस्थिति स्वयं सेवी शिक्षकों से असाक्षरों के चिन्हांकन एवं उन्हें पढ़ाने तथा केन्द्र में लाने में आने वाली चुनौतियों के संबंध में विस्तार से चर्चा की और स्वयं सेवी शिक्षकों द्वारा सेवा भाव से किए जा रहे कार्यों की सराहना की। ग्राम की सरपंच लक्ष्मी देवी साहू द्वारा स्वयं एक स्वयं सेवी शिक्षक के रूप में कार्य कर असाक्षरों को साक्षर कराने की प्रयास को उन्होंने सभी के लिए यह प्रेरणा स्वरूप है कहा। दिल्ली की टीम के प्रवास के दौरान जिला शिक्षा अधिकरी अरविंद कुमार मिश्रा, जिला नोडल अधिकारी डॉ. पुष्पा पुरुषोत्तमन, सहायक विकाराखण्ड शिक्षा अधिकारी रश्मि ठाकुर, प्राचार्य तब्सुम अकील, संकुल समन्वयक एवं प्रधानपाठक परमानंद देवांगन केन्द्र प्रभारी डॉ. प्रज्ञा सिंह, शेफाली सोनी एवं अन्य स्टाफ के सदस्य उपस्थिति थे।

## दो साल पूर्व समाप्त हो चुका है यूनियन मान्यता का कार्यकाल

# यूनियन मान्यता चुनाव नहीं होने का खामियाजा भुगत रहे बीएसपी कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र के हजारों कर्मचारियों को संयंत्र में अब तक निर्वाचित प्रतिनिधि यूनियन नहीं होने का नुकसान उठाना पड़ रहा है। दो साल से मान्यता यूनियन का चुनाव नहीं होने से कर्मचारियों से जुड़ी टाउनशिप और प्लांट की कई समस्याओं का निदान नहीं हो पा रहा है। नेतृत्व शून्यता के चलते यूनियनों की सक्रियता प्रबंधन से चर्चा और आश्वासन तक सिमट कर रह गई है।

उल्लेखनीय है कि बीएसपी में दर्जनभर यूनियनें अस्तितित्व में हैं। सामान्य तौर पर कर्मचारियों के मुद्दों पर प्रबंधन से चर्चा के लिए सभी यूनियनें स्वतंत्र हैं लेकिन निर्वाचित यूनियन के साथ लोकतांत्रिक जनाधार और सर्वाधिक सदस्यता का तमगा जुड़ा होने से निदान के लिए प्रबंधन पर दबाव होता है। चुनी हुई मान्यता यूनियन को प्रबंधन नियमानुसार रिस्पांस भी देता है। यूनियनों के मुताबिक आईडी एक्ट से चुनाव होने के बाद से कर्मियों की कई मांगों का निदान भी हुआ है। लेकिन पिछले दो साल से कोई मान्यता यूनियन नहीं होने से लीडरशिप के अभाव के कारण श्रमिक संगठनों में हताशा की स्थिति है। प्रबंधन से चर्चा के नाम पर कर्मियों के हाथ सिर्फ आश्वासन लग रहा है। यूनियनों को विभागीय अधिकारी निर्वाचित यूनियन की तरह प्रतिसाद नहीं दे रहे हैं। मान्यता यूनियन का कार्यकाल समाप्त हुए दो साल होने के बाद भी उप श्रमायुक्त केंद्रीय, प्रबंधन चुनाव को लेकर पूरी तरह उदासीन बने हुए हैं।

### टाउनशिप और बीएसपी स्तर की कई समस्याएं हैं लंबित



### अब तक सीटू, इंटक व बीएमएस रहे मान्यता में

बीएसपी में 12 साल पूर्व आईडी एक्ट के तहत मान्यता यूनियन के लिए चुनाव की परंपरा शुरु हुई थी। इसके पूर्व पांच एनजेसीएस यूनियनों की मौजूदगी में इंटक का लंबे समय तक वर्चस्व रहा। बाद 2012 में आईडी एक्ट नियम के तहत चुनाव शुरु होने पर दो वर्षीय कार्यकाल के लिए 2 बार सीटू, एक मर्तबा इंटक और एक बार भिलाई इस्पात मजदूर संघ निर्वाचित होकर मान्यता यूनियन बनी। भिलाई इस्पात मजदूर संघ का मान्यता कार्यकाल दो साल पूर्व समाप्त हो चुका है। इसके बाद भी अब तक मान्यता यूनियन का चुनाव नहीं हुआ है। इसका खामियाजा बीएसपी कर्मियों को भुगतना पड़ रहा है।

### नेतृत्वविहीन हैं कर्मचारी

मान्यता यूनियन चुनाव नहीं होने से बीएसपी कर्मचारियों की कई समस्याएं लंबित पड़ी है। यूनियनों के मुताबिक टाउनशिप और प्लांट स्तर की लोकर समस्याओं के अलावा सेल लेबल के मुद्दों के निदान के लिए भी यूनियनें खुद को बेबस महसूस कर रही हैं। टाउनशिप की सफाई, आवासीय, पेयजल, सड़क, शिक्षा,स्वास्थ्य आदि से संबंधित कई बुनियादी समस्याएं लंबित हैं। वहीं बीएसपी के अंदर कैंटीन, रेस्टरुम, सड़कें, अनुभागों में मेंटेनेंस, सुरक्षा आदि कई समस्याओं अटकी पड़ी हैं। विभागीय अधिकारियो से चर्चा सिर्फ आश्वासन तक सिमट कर रह गई है।

# ठेला लगाने को लेकर विवाद युवक पर जानलेवा हमला



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

सुपेला थाना क्षेत्र के चौकी स्मृतिनगर जुनवानी में ठेला लगाने के विवाद को लेकर एक युवक पर प्राणघातक हमला करने का मामला सामने आया है। घटना के कुछ ही घंटों के भीतर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर न्यायालय में पेश कर दिया है। पुलिस के अनुसार दोनों के बीच ठेला लगाने को लेकर पहले से विवाद चल रहा था, उसी के चलते यह घटना हुई।

पुलिस के अनुसार 11 मार्च की शाम करीब 7:30 बजे देशी शराब दुकान के पास मेन रोड जुनवानी में चना-मुर्रा और पानी बेचने वाले दो ठेला संचालकों के बीच विवाद हो गया। विवाद के दौरान आरोपी भोला साव उर्फ तरुण ने रोहित यादव पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। हमले में रोहित यादव के सीने और पेट में गंभीर चोट आई। घटना के बाद आसपास के लोगों की मदद से घायल रोहित यादव को इलाज के लिए शंकराचार्य अस्पताल जुनवानी में भर्ती कराया गया।

मामले में प्रार्थी श्याम बिहारी यादव की शिकायत पर चौकी स्मृति नगर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धारा 109 के तहत अपराध दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी भोला साव उर्फ तरुण, उम्र 29 वर्ष, निवासी शास्त्री नगर कैम्प-1 छावनी को गिरफ्तार कर लिया। उसके कब्जे से घटना में इस्तेमाल किया गया धारदार हथियार भी जब्त किया गया है।

# अवैध प्लाटिंग के लिए तालाब पर बने रास्ते को निगम ने किया बंद



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई नगर निगम के जोन 2 अंतर्गत कुरुद नकटा तालाब की मेड़ से लेआउट में रास्ता दिखाकर और कच्चा रास्ता बनाकर अवैध प्लाटिंग करने वालों के खिलाफ निगम ने कड़ी कार्रवाई की है।निगम की अतिक्रमण निरोधी टीम ने गुरुवार दोपहर में इस रास्ते के ऊपर मिट्टी का बड़ा टीला बनाकर इसे बंद कर दिया है। इसके साथ ही जल्द ही यहां तार से घेरा करके वहां पौधे लगाकर उसे संरक्षित किया जाएगा। आपको बता दें कि नकटा तालाब के ठीक पीछे कई एकड़ क्षेत्रफल में अवैध प्लॉटिंग की गई है। यहां धड़ल्ले से मकान भी बन रहे हैं। ऐसे में रेत बालू व गिट्टी आदि लेकर आने वाले हैवी वाहनो से ना सिर्फ निगम की बनाई सीसी रोड टूट गई है, बल्कि तालाब के ऊपर मेड़ में लगे पेवर ब्लॉक को भी तोड़ दिया गया है। इस खबर को हरिभूमि ने प्रमुखता से उठाया था। साथ ही आप पार्टी के नेता जसप्रीत सिंह ने इसकी शिकायत दुर्ग कलेक्टर से जन दर्शन में की थी। इसके बाद निगम आयुक्त राजीव पाण्डेय ने जोन आयुक्त येशा लहरे को कार्रवाई का निर्देश दिया। जोन आयुक्त ने एक टीम को भेजकर रास्ते के ऊपर मिट्टी पाटकर वहां टीला बना दिया है, जिससे कोई भी भारी वाहन का आवा-गमन ना हो सके।

जोन आयुक्त ने कहा कि जल्द ही सड़क के सामने तालाब की मेड़ पर तार से घेरा कर यहां पौधे लगाए जाएंगे, जिससे यह जगह संरक्षित हो सके और दोबारा सड़क ना बने। उन्होंने कहा कि यदि दोबारा इस जगह से रोड को खोला गया तो निगम उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई करेगी।

# अवैध शराब के जिले में 13 आबकारी प्रकरण दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

जिले में अवैध शराब के कारोबार पर लगाम लगाने के लिए दुर्ग पुलिस ने विशेष अभियान चलाकर सख्त कार्रवाई की है। 11 मार्च को चलाए गए इस अभियान के दौरान पुलिस ने अलग-अलग थाना क्षेत्रों में दबिश देकर कुल 13 आबकारी प्रकरण दर्ज किए हैं।

पुलिस ने सार्वजनिक स्थलों, संवेदनशील इलाकों और संदिग्ध स्थानों पर सघन जांच की। जांच के दौरान अवैध शराब के विक्रय, परिवहन और संग्रहण में शामिल लोगों के खिलाफ छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई। थाना वार कार्रवाई की बात करें तो खुर्सीपार थाना क्षेत्र में सबसे ज्यादा 4 प्रकरण दर्ज हुए। वहीं नेवई और जामुल में 2-2 मामले दर्ज किए गए। पाटन में भी 2 प्रकरण सामने आए। इसके अलावा पुलगांव, रानीतराई और अंडा थाना क्षेत्र में 1-1 आबकारी प्रकरण दर्ज किया गया। दुर्ग पुलिस का कहना है कि जिले में अवैध शराब की गतिविधियों पर नियंत्रण के लिए इस तरह के अभियान आगे भी लगातार चलाए जाते रहेंगे।



# मेयर और पार्षदों ने आयुक्त के खिलाफ मुख्य सचिव से की शिकायत, कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



भिलाई नगर निगम के महापौर नीरज पाल बड़ी संख्या में पार्षदों और एमआईसी मेंबर्स के साथ गुरुवार को कलेक्टर दुर्ग से मिलने पहुंचे। वहां उन्होंने निगम आयुक्त राजीव पाण्डेय के खिलाफ शिकायत का ज्ञापन उन्हें सौंपा। यह ज्ञापन मुख्य सचिव छत्तीसगढ़ शासन के नाम से सौंपा गया है, जिसमें आयुक्त के खिलाफ विधि सम्मत कार्रवाई की मांग की गई है।

मेयर नीरज पाल ने हरिभूमि को बताया कि हाल ही में ही नगर पालिक क्षेत्रांतर्गत संजय नगर मैदान सहित अन्य भूमियों की निलामी से संबंधित विभिन्न प्रकार की भ्रांतियां सोशल मिडिया व समाचार पत्रों के माध्यम से कुछ जनप्रतिनिधि और अधिकारियों ने फैलाई हैं। उन्होंने कहा कि इस मामले में सच्चाई ये है कि साल 2021-2022 में नगर निगम की आर्थिक तंगी एवं विकास कार्यों को गति देने के लिए महापौर परिषद ने जनहित को देखते हुए ये निर्णय लिया था कि निगम क्षेत्र की समस्त व्यवसायिक भूमियों को 30 वर्षों के लिए लीज में देकर शहर के विकास को गति प्रदान की जाए। परिषद के इस निर्णय का प्रस्ताव शासन को अनुमति के लिए भेजा गया था। शासन से इसकी अनुमति नहीं मिलने के बाद भी आयुक्त भिलाई ने उपरोक्त भूमियों की नीलामी के लिए सार्वजनिक निविदा आमंत्रित कर दी। यह पूरी तरह से राज्य शासन, एम.आई.सी. एवं सामान्य सभा के अधिकारों का हनन है। उन्होंने कहा कि नगर निगम अधिनियम में किसी भी भूमि को बेचे जाने का अधिकार ही नहीं है। पूर्व में भी नगर निगम आयुक्त द्वारा नियमों की अनदेखी कर लगातार नगर निगम के विकास कार्यों की निविदाओं में व्यक्तिगत लोगों को लाभ पहुंचानें निविदा निकाली गई है।

### मनमाने तरीके से मद का किया दुरुपयोग

महापौर ने आरोप लगाया कि आयुक्त ने डीएमएफ मद से 4.50 करोड़ के कार्य की स्वीकृति बिना तकनीकी स्वीकृति, एम.आई.सी. एवं सामान्य सभा में लाये दे दी। इसी तरह वार्ड 4 में 21 करोड़ 54 लाख के कार्यों की विधि विरुद्ध स्वीकृति दी। शासन के आदेश पर निगम ने 1248 प्लाटों की ई-नीलामी की थी। इससे मिली राशि को मनमाने ढंग से दुरुपयोग किया गया जबकि शासन का स्पष्ट निर्देश था, कि नीलामी के बाद एक हिस्सा राजकोष में जमा होना था। निगम कमिश्नर से ठेकेदार भी परेशान है। जो ठेकेदार उन्हें तय कमीशन देता है उसका भुगतान तत्काल कर दिया जाता है।
**निर्दलीय सहित कई पार्षद रहे शामिल :** महापौर के साथ कलेक्टर से मिलने सभापति बंटी गिरवर साहू, एमआईसी मेंबर लक्ष्मीपति राजू, सीजू एंथनी, एकांक्ष बंछोर, मन्नान खफ्फार खान, आदित्य सिंह, नेहा साहू सहित निर्दलीय पार्षद हरिओम तिवारी, रविशंकर कुर्रे और रानू राजू साहू सहित अन्य मौजूद थे।

## निगम आयुक्त राजीव पांडेय ने प्रस्तावित स्थल का किया मुआयना

# प्रियदर्शिनी परिसर से सुपेला तक जर्जर रोड का होगा जल्द निर्माण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

नगर पालिक निगम भिलाई आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय द्वारा प्रस्तावित सड़क निर्माण, उद्यान, निर्माणाधीन नाली एवं सुलभ शौचालय का निरीक्षण किया गया है। नागरिकों के मूलभूत सुविधाओं को देखते हुए कार्यो को जल्द प्रारंभ कर पूर्ण कराने निर्देशित किया।

निगम आयुक्त ने जोन-1 नेहरू नगर अंतर्गत प्रियदर्शिनी परिसर में प्रस्तावित सड़क निर्माण स्थल का निरीक्षण किये। प्रियदर्शिनी परिसर से सुपेला चौक तक सर्विस रोड पुराना होने के कारण जर्जर हो गया है, जिससे नागरिकों के आवागमन में असुविधा हो रही है। उक्त सड़क का निर्माण कार्य हेतु जल्द प्रक्रिया पूर्ण करने निर्देशित किया गया है। वहीं सुपेला गदा चौक से इंदिरा चौक तक प्रस्तावित रोड का स्थल निरीक्षण किया गया है।



नागरिको के सुगम आवागमन को देखते हुए सड़क निर्माण कराने कहा गया है। नेहरू नगर स्थित उद्यान के भीतर निर्माणाधीन भवन का अवलोकन किये, कार्य पूर्ण कराने कहा गया है और आस-पास के चौक-चौराहो एवं सड़को का संधारण कराने कहा गया है। नेहरू नगर सूर्या माल चौक के समीप निर्माणाधीन नाली का निरीक्षण किये। निर्माण कार्य में गुणवत्ता लाते हुए कार्य समयावधि में पूर्ण कराने कहा गया है।

### खुर्सीपार शिवालय चौक भी जर्जर

आयुक्त ने जोन-4 खुर्सीपार शिवालय चौक के पास जर्जर सड़क का अवलोकन कर संधारण कराने निर्देशित किये है। साथ ही पूर्व में अवैध मकानों पर बेदखली कार्यवाही किया गया था, रिक्त स्थल पर नागरिको की सुविधा हेतु सड़क निर्माण कराने कहा गया है और अतिरिक्त ब्रेकर को हटाने कहा गया है, जिससे कोई दुर्घटना न हो। खुर्सीपार में स्थानीय नागरिक द्वारा नाली से जोड़कर मकान निर्माण किया जा रहा है, जिसे नोटिस देकर कार्यवाही करने कहा गया है। खुर्सीपार में सार्वजनिक शौचालय जर्जर हो गया है, जिसे नया निर्माण कर व्यवस्थित कराने कहा। निरीक्षण के दौरान जोन आयुक्त अजय सिंह राजपूत, अमरनाथ दुबे, कार्यपालन अभियंता संजय अग्रवाल, संजय वर्मा, सहायक अभियंता अर्पित बंजारे, उप अभियंता रीमा जामुलकर, चंदन साहू, सहायक राजस्व अधिकारी बालकृष्ण नायडू, जोन स्वास्थ्य अधिकारी हेमंत मांझी सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।



हरिभूमि लाइव
रायपुर, शुक्रवार 13 मार्च 2026
Email id- haribhoomibhilai@gmail.com
7747020002, Message at - 9755819129

- पंचमी पर होगा माता रानी का विशेष श्रृंगार
- अष्टमी पर कन्या पूजन और हवन
- ज्योतिषाचार्य ने दी तिथियों और नक्षत्रों की जानकारी

कलश स्थापना का शुभ मुहूर्त



● इस बार नवरात्रि में माता का पालकी में होगा आगमन और हाथी पर होगी सवार

# 19 से हिंदू संवत्सरी 2083 चैत्र नवरात्रि की शुरुआत, गुरु और मंगल होंगे सर्वाधिक प्रभावकारी, सुबह शुभ मुहूर्त में होगी कलश स्थापना

**भिलाई। हिंदू नववर्ष 2083 की शुरुआत हिंदू पंचांग के अनुसार प्रतिवर्ष अनुसार चैत्र महीने के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से होगी। धार्मिक मान्यता है कि इसी दिन ब्रह्मा जी ने सृष्टि की रचना की थी, इसलिए इसे हिंदू नववर्ष का पहला दिन माना जाता है। इसी दिन से पूरे साल का फल और उसके प्रभाव का आंकलन भी किया जाता है। इस वर्ष चैत्र नवरात्रि की शुरुआत 19 मार्च 2026 से होने जा रही है। ज्योतिषीय गणना के अनुसार प्रतिपदा तिथि 19 मार्च को सुबह 6:52 बजे से प्रारंभ होगी। इसी दिन सुबह 6:52 से 7:43 बजे तक घरों और मंदिरों में कलश स्थापना का शुभ मुहूर्त रहेगा। इसके अलावा अभिजीत मुहूर्त में दोपहर 12 बजकर 5 मिनट से 12.53 तक भी श्रद्धालु घट स्थापना कर सकते हैं। इस दिन उत्तराभाद्रपद नक्षत्र और गुरुवार का संयोग रहेगा।**

## कृतिका नक्षत्र में पूजा-अर्चना शुभ

ज्योतिषाचार्य पं. एस.के. शास्त्री के अनुसार नवरात्रि के दौरान पंचमी तिथि 22 मार्च की शाम से प्रारंभ होकर 23 मार्च को पूरे दिन रहेगी। इस दिन माता रानी का विशेष श्रृंगार किया जाता है। पंचमी के दिन कृतिका नक्षत्र और सोमवार का योग रहेगा, जिसे पूजा-अर्चना के लिए शुभ माना गया है। वहीं अष्टमी तिथि 25 मार्च को दोपहर 1 बजकर 50 मिनट से प्रारंभ होकर अगले दिन 26 मार्च की सुबह 11.48 बजे समाप्त होगी। इस अवसर पर भक्तगण हवन-पूजन के साथ कन्या भोज का आयोजन करते हैं। मान्यता के अनुसार छोटी कन्याओं को देवी के स्वरूप मानकर उनका पूजन किया जाता है। अष्टमी के दिन आर्द्रा नक्षत्र का प्रभाव रहेगा। हिंदू विक्रम संवत 2083 साल 2026 की शुरुआत 19 से होगी। इस दिन गुरुवार पड़ रहा है, इसलिए इस वर्ष के राजा देवगुरु बृहस्पति होंगे। ज्योतिषों के नियमानुसार जिस वार से साल शुरू होता है, उसी वार का स्वामी ग्रह पूरे वर्ष का राजा माना जाता है। वहीं इस साल के मंत्री मंगल ग्रह होंगे। इसलिए इस संवत का नाम 'रौद्र' रखा गया है।



## कुछ स्थानों पर युद्ध जैसी स्थिति बनने की आशंका

ज्योतिषीय मान्यताओं के अनुसार, रौद्र नाम का यह संवत थोड़ा चुनौतीपूर्ण रह सकता है। दुनिया भर में राजनीतिक तनाव बढ़ने के संकेत हैं और देशों के बीच मतभेदभी देखने को मिल सकते हैं। कुछ स्थानों पर युद्ध जैसी स्थिति बनने की आशंका भी जताई जा रही है। इसके अलावा इस साल आगजनी, दुर्घटनाओं और प्राकृतिक समस्याओं भी देखने को मिल सकते हैं। कुछ स्थानों पर युद्ध जैसी स्थिति बनने की आशंका भी जताई जा रही है। इसके अलावा इस साल आगजनी, दुर्घटनाओं और प्राकृतिक समस्याओंकी घटनाएं बढ़ सकती हैं। बारिश कम होने की वजह से फसलों पर असर पड़ सकता है, जिससे महंगाई भी बढ़ने की संभावना है। कई देशों में जनता सरकार के खिलाफ आवाज उठा सकती है। कुल मिलाकर यह साल कुछ उतार-चढ़ाव और चुनौतियां लेकर आ सकता है।



## राजनीति से जुड़े मामलों में उतार-चढ़ाव

ज्योतिषाचार्यों ने बताया की विक्रम संवत 2083 को रौद्र नाम दिया है। ऐसे हर नए साल का एक अलग नाम होता है। जिससे उस वर्ष के स्वभाव और संभावित घटनाओं का अंदाजा लगाया जाता है। इस बार नए साल की शुरुआत उत्तराभाद्रपद नक्षत्र में होगी और उस समय शुक्ल योग के साथ मीन लग्न रहेगा। इन ग्रह-नक्षत्रों की स्थिति को ज्योतिष में काफी अहम माना जाता है, क्योंकि इन्हीं के आधार पर साल भर के प्रभाव का आकलन किया जाता है। रौद्र शब्द का मतलब उग्र या तेज स्वभाव से जुड़ा होता है। इसी कारण यह माना जा रहा है कि पूरे साल के दौरान प्रकृति, समाज और राजनीति से जुड़े मामलों में उतार-चढ़ाव देखने को मिल सकते हैं।

## *19 मार्च से चैत्र नवरात्रि की शुरुआत, सुबह शुभ मुहूर्त में होगी कलश स्थापना*



*पं. एस.के. शास्त्री, खाटूश्याम ज्योतिष केंद्र, पोलसाय पारा चौक दुर्ग ने बताया कि नवरात्रि के इन शुभ योगों में माता दुर्गा की आराधना करने से भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं और घर-परिवार में सुख-समृद्धि का वास होता है।*

---

**लाइव इवेंट**

## झूलेलाल जयंती पर निकलेगी बाइक रैली, शाम को बहाराणा होगी पूजा



**भिलाई।** श्री मां दुर्गा झूलेलाल विकास समिति एवं झूलेलाल धाम मंदिर कालीबाड़ी भिलाई के तत्वावधान में हिंदू नववर्ष विक्रम संवत 2083 के अवसर पर चैत्र नवरात्रि एवं भगवान झूलेलाल जयंती का धार्मिक आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रमों का शुभारंभ चैत्र नवरात्रि प्रथम दिवस 19 मार्च गुरुवार से होगी। लहीं इस बार भगवान झूलेलाल जयंती 20 मार्च शुक्रवार को श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाई जाएगी।

- **जयंती पर शाम को निकाली जाएगी शोभायात्रा**

चैत्र नवरात्रि पर्व के दिन घट स्थापना एवं मनोकामना ज्योति प्रज्वलित की जाएगी। इस दौरान मां दुर्गा सप्तशती पाठ, भजन-कीर्तन, श्रृंगार, महाआरती एवं विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया जाएगा। समाज के सदस्यों नें श्रद्धालुओं से कहा है कि वे अपनी मनोकामना ज्योति स्वयं उपस्थित होकर प्रज्वलित करें एवं धर्म लाभ प्राप्त करें। भगवान झूलेलाल जयंती के अवसर पर सुबह 7 बजे सार्वजनिक मंच से जुम्बा, मैराथन दौड़, सुबह 10 बजे स्कूटर एवं बाइक रैली, शाम को शोभायात्रा, बहाराणा साहिब पूजा एवं पल्लव आरती आयोजित की जाएगी। रात 9 बजे से 11 बजे तक झूलेलाल धाम परिसर में विशाल भंडारा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन रहेगा। आयोजन समिति द्वारा समाज एवं नगरवासियों से धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने को कहा है। श्रीराम सिंधी पंचायत वैशाली नगर के मीडिया प्रभारी मनोहर कृष्णानी ने बाजाया कि बैठक में श्रीराम सिंधी पंचायत के अध्यक्ष दिलीप पवानी सहित भीमसेन सेतपाल, प्रतापराय शिवानी, धर्मदास बत्रा, मनोहर थदानी, प्रकाश डिंगा, मनोहर शिवानी, गोपी राजपालानी, अशोक गंगवानी, राम छुगनी, प्रकाश मदनानी, मुकेश गणेशानी एवं अनिल पोपटानी मंदिर समिति प्रभारी अर्जुन सचदेव और अशोक चेतवानी उपस्थित रहे।

**सिटी इवेंट**

## समाज के हर व्यक्ति का शिक्षित और जागरूक होना आवश्यक, दी श्रद्धांजलि



**भिलाई।** देश की पहली महिला शिक्षिका, समाज सुधारक और मराठी कवित्री माता सावित्रीबाई ज्योतिबा फुले की पुण्यतिथि के अवसर पर कोसा नगर के भिमाई महिला मंडल द्वारा श्रद्धा सुमन अर्पित कर उनके कार्यों को याद किया गया। कोसा नगर बुद्ध भूमि में स्थापित माता सावित्रीबाई फुले की प्रतिमा के पास भिमाई महिला मंडल कोसा नगर की महिलाएं उपस्थित हुई और शिक्षा की देवी माता सावित्रीबाई फुले की प्रतिमा के समक्ष मोमबत्ती तथा अगरबत्ती प्रज्वलित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया।



- **माता सावित्रीबाई फुले की पुण्यतिथि पर कोसा नगर बुद्ध भूमि में श्रद्धा सुमन अर्पित**

भिमाई महिला मंडल की अध्यक्षा दानशीला रामटेके ने अपने उद्बोधन में कहा कि अगर सावित्रीबाई फुले ने महिलाओं के लिए शिक्षा के द्वार नहीं खोले होते तो आज भी महिलाएं अशिक्षित होती। महिलाओं के लिए शिक्षा के द्वार खुलने से आज देश की राष्ट्रपति से लेकर अस्पताल और अन्य जगह महिलाएं अपना कार्य बखूबी निभा रही है। सावित्रीबाई ने महिला सेवा मंडल की स्थापना की और गर्भवती बलात्कार पीड़ितों के लिए बाल हत्या प्रतिबंधक गृह खोला। सचिव कोमल चंद्रिका पुरे ने बताया कि सावित्रीबाई फुले ने ज्योतिबा फुले के साथ मिलकर सामाजिक समानता के लिए सत्यशोधक समाज की स्थापना की। सेक्टर 9 सीएमओ डॉ उदय धाबर्डे ने कहा कि माता सावित्रीबाई फुले महिला शिक्षा को प्रोत्साहित किया। बाल विवाह सती प्रथा का विरोध किया और विधवा पुनर्विवाह की वकालत की । उनके जीवन से हमें यह सीख मिलती है कि शिक्षा हमारे जीवन के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत जरूरी है और समाज के हर व्यक्ति का शिक्षित और जागरूक होना आवश्यक है तभी हमारा राष्ट्र विकसित होगा। जीवन के अंतिम क्षणों तक वह समाज के भलाई के लिए काम करती रही और 1897 में पुणे में प्लेग की महामारी के दौरान मरीजों की सेवा करते हुए 10 मार्च 1897 को उनका निधन हुआ था। सावित्रीबाई फुले की पुण्यतिथि पर श्रद्धा सुमन अर्पित करने माया सुखदेवे, मंजूषा मेश्राम, विनीता भालेकर, रानू कोल्हाटकर, मंगला रामटेके, अनीता गुर्दे, आशा सुखदेवे, मीनाक्षी मून शिल्पा बंसोड़, लक्ष्मी मेश्राम, पल्लवी चंद्रिकापुरे, संगीता रामटेके, विनीता रंगारी, सरिता चंद्रिकापुरे, वंदना बोरकर, पवरना मेश्राम सहित अन्य उपस्थित थे।

## प्रथम तीर्थंकर भगवान आदिनाथ के जन्म कल्याणक दिवस पर निकाली शोभायात्रा

**दुर्ग।** प्रथम तीर्थंकर भगवान आदिनाथ ऋषभदेव का जन्म कल्याणक दिवस दुर्ग के सभी मंदिर की में सुबह धूमधाम से उल्लास पूर्ण वातावरण में मनाया गया। प्रथम तीर्थंकर भगवान आदिनाथ के जन्म कल्याणक दिवस पर सुबह मंदिर से भव्य शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें सुसज्जित चांदी रथ पर भगवान आदिनाथ जिनेंद्र देव को विराजमान कर नगर भ्रमण कराया गया। प्रभात फेरी में जैन समाज के धर्म प्रेमियों ने जयकारा और विचारधारा से भगवान आदिनाथ जयंती को





सफल किया। इस दौरान सुबह मंदिर में भक्तों ने अभिषेक शांति धारा और पूजन का धर्म लाभ प्राप्त किया। 24 तीर्थंकरों में प्रथम तीर्थंकर भगवान आदिनाथ की शुभ दिवस जन्म कल्याणक पर जैन समाज के द्वारा आम जनता को गन्ना रस का रसपान कराया गया। समाज के प्रचार-प्रसार प्रभारी संजय बोहरा ने जानकारी देते हुए बताया कि भगवान आदिनाथ जयंती के अवसर पर गन्ना रस वितरण और दान का विशेष महत्व होता है। जिसे सभी ने प्रसाद के रुप में ग्रहण किया।

## साहस, गर्व और अविस्मरणीय अनुभवों से भरी रही कजाकिस्तान की यात्रा



**भिलाई।** ईरान-अमेरिका के बीच बढ़ते तनाव और खाड़ी देशों में चल रही उथल-पुथल के माहौल के बावजूद छत्तीसगढ़ सीमेंट ट्रांसपोर्ट वेलफेयर एसोसिएशन की टीम बेखौफ अल्माटी शहर कजाकिस्तान पहुंची। इस दौरान सदस्यों ने स्वयं छोटे विमान की पायलटिंग का अनुभव भी लिया। अलमाटी की खूबसूरत माउंटेन हिल पर तिरंगा लहराकर भारत माता की जय और छत्तीसगढ़ महतारी के जय घोष के नारों से पूरा वातावरण देशभक्ति से गूंज उठा। साथ ही अलमाटी सिटी और उसके आसपास की अद्भुत प्राकृतिक वादियों, बर्फबारी और पहाड़ों की अनुपम सुंदरता का आनंद लिए। यह यात्रा साहस, गर्व और अविस्मरणीय अनुभवों से भरी रही। अल्माटी यात्रा करने वालों में इन्दरजीत सिंह छोटू, मलकित सिंह, अरुण तुलस्यान, मनोज गुप्ता, सुशील अग्रवाल, बावा सुखमोहन सिंह, सुब्रत डे, सत्य नारायण सिंह, आशीष अग्रवाल, पुरुषोत्तम भिते आदि शामिल हैं।

- **छत्तीसगढ़ सीमेंट ट्रांसपोर्ट वेलफेयर एसोसिएशन की पहुंची अल्माटी शहर**

**विद्यार्थियों को दी डिजिटल माध्यमों का सुरक्षित उपयोग और कानूनी जानाकारी**

## सशक्तिकरण केवल महिलाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें समाज और पुरुषों की समान भागीदारी भी जरूरी

**कार्नर न्यूज**

**दुर्ग।** शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय दुर्ग में महिलाओं के कानूनी अधिकार विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। महाविद्यालय की विशाखा समिति एवं समान अवसर प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यशाला में छात्राओं को उनके मौलिक एवं कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक करते हुए महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। इस कार्यशाला में सैंकड़ों विद्यार्थियों की सहभागिता रही। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि और वक्ता दुर्ग की उप पुलिस अधीक्षक भारती मरकाम और भाग्यश्री नातू असिस्टेंट लीगल एंड डिफेंस काउंसिल दुर्ग उपस्थित रहीं।



### विद्यार्थी केवल अकादमिक ज्ञान ही नहीं, सामाजिक जागरुकता के क्षेत्र में भी बढ़ाएं योगदान

कार्यक्रम के पहले चरण में समान अवसर प्रकोष्ठ की संयोजक डॉ. दिव्या कुमुदिनी मिंज ने स्वागत भाषण देते हुए कहा कि कार्यशालाएं न केवल महिलाओं को उनके कानूनी अधिकारों, सुरक्षा उपायों एवं उपलब्ध न्यायिक सहायता के प्रति जागरूक करती हैं, बल्कि उनमें आत्मविश्वास, आत्मसम्मान तथा आत्मनिर्भरता की भावना को भी सुदृढ़ करती हैं। उन्होंने यह भी कहा कि शैक्षणिक संस्थानों की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है कि वे विद्यार्थियों को केवल अकादमिक ज्ञान ही नहीं, बल्कि सामाजिक और कानूनी जागरूकता से भी सशक्त बनाएं। उद्बोधन के माध्यम से उन्होंने कार्यक्रम के उद्देश्य, उसकी प्रासंगिकता तथा छात्राओं के समग्र सशक्तिकरण में ऐसे आयोजनों की भूमिका को रेखांकित किया।

### समाज में महिलाओं और पुरुषों की समान भागीदारी जरूरी

मुख्य अतिथि नगर पुलिस अधीक्षक भारती मरकाम ने कार्यशाला में महिला सशक्तिकरण के व्यापक आयामों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सशक्तिकरण केवल महिलाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें समाज और पुरुषों की समान भागीदारी भी अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने महिलाओं के विरुद्ध बढ़ते अपराधों एवं साइबर अपराधों पर चिंता व्यक्त करते हुए छात्राओं को साइबर सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं तथा सावधानियों से अवगत कराया, ताकि वे डिजिटल माध्यमों का सुरक्षित उपयोग कर सकें। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दुर्ग के अंतर्गत संचालित लीगल एंड डिफेंस काउंसिल सिस्टम की सहायक कानूनी सहायता रक्षा अधिवक्ता भाग्यश्री नातू ने महिला सुरक्षा एवं अधिकारों से संबंधित विभिन्न विधिक प्रावधानों तथा न्यायालय द्वारा प्रदत्त संरक्षणात्मक कानूनों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने छात्राओं की जिज्ञासाओं का समाधान करते हुए उन्हें किसी भी प्रकार की कानूनी सहायता के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से उपलब्ध निःशुल्क विधिक सहायता के बारे में भी अवगत कराया। कार्यक्रम का मंच संचालन डॉ. तरलोचन कौर संधु द्वारा अत्यंत प्रभावी एवं उत्साहपूर्ण ढंग से किया गया। कार्यशाला के आयोजन में विभिन्न समितियों सहित डॉ. पद्मावती, डॉ. दिव्या मिंज, डॉ. मर्सी जॉर्ज, डॉ. मीना मान, डॉ. श्रीराम कुंजाम, डॉ. ज्योति धारकर, डॉ. राजश्री नायडू, डॉ. एलिजाबेथ भगत, डॉ. उषा साहू, डॉ. निगार अहमद, डॉ. सीमा पंजवानी, डॉ. रीना ताम्रकार, डॉ. कुन्दन कुमार यादव, डॉ. दूंमन लाल सहित विशाखा समिति ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस कार्यशाला में महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. जगजीत कौर सलूजा, डॉ. ए. के. खान, डॉ. अभिनेष सुराना, डॉ. शकील हुसैन, डॉ. जी.एस. ठाकुर, डॉ. के. पद्मावती सहित विभिन्न विभागों के प्राध्यापक उपस्थित रहे।

## सिटी इवेंट

### नगाड़े की थाप पर खेली गई फूलों की होली




**भिलाई।** छत्तीसगढ़ सरयूपारीण ब्राह्मण समाज द्वारा ब्राह्मण समाज के भवन सेक्टर 7 में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इसमें समाज के लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए। सर्वप्रथम भगवान की पूजा अर्पना कर नगाड़ा के थाप पर ब्राह्मण समाज की महिलाओं और पुरुषों ने गीत गाए। सभी ने फाग गीत गाकर सबका मन मोह लिया। समाज की महिलाओं ने फूलों की होली खेलते हुए नृत्य किया। इस दौरान समाज के अध्यक्ष अनूप शर्मा, महासचिव दीपक पांडे, अध्यक्षा सरिता शर्मा, सीता मिश्रा, सूर्य कांत तिवारी, देवेंद्र शर्मा, प्रशांत, विनय, ऋषि शर्मा, सुशील आदि उपस्थित थे।



## समाज लाइव

### कोसरिया अहीर यादव समाज में नए पदाधिकारियों को मिली जिम्मेदारी



**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ कोसरिया अहीर यादव सेवा समाज का प्रदेश स्तरीय चुनाव रायपुर राधा कृष्ण मंदिर प्रांगण यादव सामुदायिक भवन में संपन्न हुआ। जिसमें पदाधिकारियों को निर्विरोध छत्तीसगढ़ कोसरिया अहीर यादव सेवा समाज का पदाधिकारी नियुक्त किया गया, जिनका कार्यकाल 1 अप्रैल 2026 से 31 मार्च 2031 तक 5 वर्षों का रहेगा।

दुर्ग प्रदेश सचिव उमराव यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि चुनाव में प्रदेश अध्यक्ष हर्ष यादव रायपुर, रोमनाथ यादव रायपुर, प्रदेश उपाध्यक्ष उमराव यादव दुर्ग, प्रदेश सचिव चंचल यादव दुर्ग, प्रदेश कोषाध्यक्ष प्रदेश सहसचिव अवनीश यादव बिलासपुर, राजू यादव बस्तर, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य राजेश यादव दुर्ग, छत्तीसगढ़ प्रदेश संयोजक विजय यादव, एनख राम यादव दुर्ग ग्रामीण, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य ब्रजेश कुमार यादव दुर्ग, राकेश यादव दुर्ग, प्रतिमा यादव दुर्ग, सरोज यादव रायपुर, माथुर यादव दुर्ग, भूपेंद्र यादव, निशा यादव रायपुर, राकेश यादव राजनांदगांव, मारूति यादव, ललित यादव दुर्ग को पद की जिम्मेंदारी दी गई।

## समाज इवेंट

### रोजा तोड़कर दिया खून मरीज की बचाई जान

**भिलाई।** रमजान शरीफ का महीना सब्र, इबादत और इंसानियत का पैगाम देता है। ऐसे पवित्र समय में एक मुस्लिम युवक ने जान बचाने के लिए अपना 22 वां रोजा तोड़कर बी नेगेटिव जैसे रेयर ब्लड ग्रुप का रक्तदान किया।



खुर्सीपार निवासी रक्तदाता आरिफ अय्यूब ने गुरुवार को निजी अस्पताल में भर्ती मरीज सीमा सोनवानी के लिए रोज़ा तोड़कर रक्तदान किया। मानव सेवा के इस कार्य के लिए उनके दोस्तों ने भी प्रेरित किया। दो दोस्त जेडी खान और दीपक कुमार रेलवे कर्मचारी हैं। ड्यूटी के बाद जरूरतमंद के लिए रक्तदान की सेवा 15 सालों से कर रहे हैं। जेडी खान और दीपक कुमार ने बताया कि लोगों की जान बचाने के लिए निस्वार्थ भाव से सेवा कर रहे हैं। यदि किसी जरूरतमंद को ब्लड की जरूरत होती है तो वह स्वयं अपने साधन से अस्पताल तक रक्तदाता को लेकर जाते हैं।

### आचार्य डॉ. शर्मा चतुर्थ अन्तर्राष्ट्रीय रामायण सम्मेलन में भोपाल आमंत्रित



**भिलाई।** डॉ. महेश चन्द्र शर्मा को भोपाल में आयोजित होने वाले चतुर्थ अंतरराष्ट्रीय रामायण सम्मेलन में आमन्त्रित किया गया है। आगामी 14-15 मार्च को होने वाले इस वैश्विक सम्मेलन का आयोजन तुलसी मानस प्रतिष्ठान और रामायण केन्द्र भोपाल द्वारा संयुक्त रूप से किया जा रहा है। आचार्य डॉ. महेश चन्द्र शर्मा सामाजिक समरसता के आदर्श श्री राम वनवासी समाज के विशेष सन्दर्भ में शीर्षक शोध लेख प्रस्तुत करेंगे। इस विश्व रामायण सम्मेलन में भारत के अलावा ब्रिटेन, अमेरिका,रूस, नार्वे,जापान, मॉरीशस और श्रीलंका से भी रामकथा विशेषज्ञ अपने विचार व्यक्त करेंगे।

● पवार क्षत्रिय संघ भिलाई-दुर्ग द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस एवं रंगपंचमी महोत्सव का आयोजन

# परिवार के स्वास्थ्य और देखभाल में महिलाओं की अहम भूमिका, अग्रणियों को किया गया सम्मानित

**भिलाई।** पवार क्षत्रिय संघ भिलाई-दुर्ग के तत्वावधान में महिला और युवा कार्यकारिणी द्वारा राजा भोज मंगल भवन दीक्षित कॉलोनी नेहरू नगर में होली मिलन और महिला दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान संगठन की नींव रखने वाली 70 वर्ष की वरिष्ठ महिलाओं को शॉल और श्रीफल से सम्मानित कर समाज को संगठित करने के लिए उनके द्वारा किए गए प्रयासों को उनके ही द्वारा बताया गया। इस दौरान पवार क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष संयुक्त संचालक महिला एवं बाल विकास छ.ग.शासन नन्दलाल चौधरी मुख्य रुप से उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान समाजिक कल्याण के क्षेत्र में विशेष योगदान देने वाली समाज की महिलाओं में रोशनी पारधी राहंगडाले और निशा चौधरी बिसेन को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन महिला अध्यक्ष आशा शरणागत और सचिव मंजु बिसेन के द्वारा किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ महिलाओं ने स्वयं को गौरवान्वित महसूस करते हुए वर्तमान में कार्यरत तीनों कार्यकारिणी को आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर संरक्षक डॉ.वाय.आर.कटरे, जी.एस. राहंगडाले, प्रभाकर खौसी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पी.आर.ठाकरे, जनसंवाद सचिव डॉ.दिलीप चौधरी, महासचिव नीतिराज राहंगडाले, कोषाध्यक्ष दुर्गा प्रसाद भगत सहित पूरी कार्यकारिणी उपस्थित रही।




### परिवार के स्वास्थ्य और देखभाल में महिलाओं की अहम भूमिका

इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष नन्दलाल चौधरी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि महिलाएं समाज के हर क्षेत्र में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। परिवार के स्वास्थ्य और देखभाल में महिलाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। महिलाएं परिवार की सेहत की मजबूत आधारशिला और परिवार की सबसे महत्वपूर्ण इकाई है और उनके सशक्त होने से ही समाज और राष्ट्र उनके सशक्त होने से ही समाज और राष्ट्र का समग्र विकास संभव है। वरिष्ठ संरक्षक डॉ. वायआर कटरे ने बताया कि भारतीय संस्कृति में प्राचीन काल से ही महिलाओं को विशेष सम्मान दिया जाता रहा है।





### सावित्रीबाई फूले पर की प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता

मां अनुसूया महाराष्ट्र मंडल ने महिला दिवस रामनगर गायत्री शक्तिपीठ में हर्षोल्लास के साथ मनाया। महिला दिवस के अवसर पर अध्यक्ष नंदा शेगोकर ने महिलाओं को आत्मनिर्भर और सुरक्षात्मक दृष्टि से रहने की बातें कही। इस दौरान सावित्रीबाई फुले की पुण्यतिथि पर उनके जीवनी पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में महिलाओं द्वारा गुलाल का टिका लगाकर फुलों कि होली खेली गई, साथ में लक्की गेम चूड़ी की गिनती वाला गेम खेला गया। जिसमें प्रथम कविता वनश्री मरजिवे, द्वीतीय भारती पुनटकर, तृतीय स्थान पर कविता आस्टकर विजेता रही। मंदाताई कामिनकर दवरा जनरल नॉलेज पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता रखी गई थी। जिसमें प्रथम ज्योति नागपुरे, द्वीतीय शोभा तिवसकर, तृतीय नंदा सेगोकर और सांत्वना पुरस्कार सरोज साकोरे को दिया गया। कार्यक्रम में कल्पना, रेखा सावरकर, सरोज साकोरे, आशा, माला, ममता, पूनम, रेणुका, क्रांति, संगीता काले, दीपा, प्रतिभा भरने, वर्षा, ग्रीष्मा, अर्चना, पल्लवी, मीना, निलिमा, चित्रा, सुरेखा, संगीता कोसे सहित सभी सदस्याएं उपस्थित रही।



## सिविक सेंटर में आयोजन

# स्वदेशी मेले का शुभारंभ आज मुख्यमंत्री करेंगे उद्घाटन



**भिलाई।** स्वदेशी जागरण फाउंडेशन की इकाई भारतीय विपणन विकास केंद्र सीबीएमडी द्वारा आयोजित होने वाले स्वदेशी मेले का भव्य शुभारंभ 13 मार्च को शाम 7 बजे किया जाएगा। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे और मेले का औपचारिक उद्घाटन करेंगे।

अध्यक्षता कैबिनेट मंत्री राम विचार नेताम करेंगे। कार्यक्रम में विशेष अतिथि कैबिनेट मंत्री टंक राम वर्मा, विशिष्ट अतिथि प्रेम प्रकाश पांडेय पूर्व विधानसभा अध्यक्ष छत्तीसगढ़, विधायक ललित चंद्राकर, रिकेश सेन, देवेंद्र यादव, महापौर नगर निगम भिलाई नीरज पाल, महापौर नगर निगम दुर्ग अलका बाघमार, दीपक शर्मा अखिल भारतीय विचार विभाग प्रमुख, जगदीश पटेल, प्रांत संयोजक स्वदेशी जागरण मंच, अमर बंसल प्रांत स्वदेशी मेला प्रमुख, सतीश थोरानी अध्यक्ष छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ़ कॉमर्स उपस्थित रहेंगे। साथ ही जनप्रतिनिधि, व्यापारी वर्ग, सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में शहरवासी उपस्थित रहेंगे। स्वदेशी मेला प्रांत प्रमुख अमर बंसल, प्रबंधक सुब्रत चाकी, मेला संयोजक अजय भसीन ने बताया कि मेला स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने, स्थानीय उद्यमियों को मंच प्रदान करने और भारतीय संस्कृति एवं परंपरा को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। मेले में 300 से अधिक स्टॉल लगाए गए हैं, जिनमें स्वदेशी उत्पाद, हस्तशिल्प, वस्त्र, घरेलू उद्योग, दैनिक उपयोग की सामग्री सहित कई नवाचारपूर्ण उत्पादों का प्रदर्शन और बिक्री की जाएगी। मेले में आने वाले लोगों के लिए मनोरंजन के विशेष आकर्षण भी रखे गए हैं। इसके अलावा मेले में ऑटोमोबाइल जोन भी विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगा।

# गायों की सुरक्षा के लिए अनोखी पहल



**भिलाई।** वैशाली नगर के रामनगर क्षेत्र में गायों की सुरक्षा को लेकर एक अनोखी पहल देखने को मिली। समाज सेवा और गौ संरक्षण के उद्देश्य से एचएमजीएम मोदी ग्रुप के अध्यक्ष लोकेश पांडेय के मार्गदर्शन में गौ रेडियम बेल्ट सेवा अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में रामनगर स्थित रामजानकी मंदिर परिसर में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में युवाओं के साथ महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग भी बड़ी संख्या में शामिल हुए। सभी ने मिलकर गौ सेवा के इस अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाई। कार्यक्रम की शुरुआत रामजानकी मंदिर में पूजा-अर्चना के साथ हुई, जहां क्षेत्र की सुख-समृद्धि और शांति के लिए प्रार्थना की गई। इसके बाद नटराज गणेश उत्सव समिति और हनुमान जन्मोत्सव समिति के सदस्यों के साथ स्थानीय नागरिकों ने वार्ड में भ्रमण कर सड़कों पर घूमने वाली गायों को रेडियम बेल्ट पहनाई। इस अभियान का उद्देश्य रात के समय सड़क पर घूमने वाली गायों को दुर्घटनाओं से बचाना है। रेडियम बेल्ट वाहन की रोशनी पड़ते ही चमकने लगती है, जिससे वाहन चालकों को दूर से ही गायों की मौजूदगी का पता चल जाता है और हादसे की संभावना कम हो जाती है। आयोजकों ने कहा कि गौ सेवा केवल आस्था का विषय नहीं, बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी भी है। ऐसे अभियान समाज में सेवा और करुणा का संदेश देते हैं और लोगों को जनहित के कार्यों से जोड़ते हैं। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित लोगों ने आगे भी इस तरह के सेवा कार्यों में भाग लेने और गौ संरक्षण के लिए लगातार प्रयास करने का संकल्प लिया।

## भारती विश्वविद्यालय में जॉब फेयर, 17 प्रतिष्ठित कंपनियों ने लिया हिस्सा



**भिलाई।** भारती विश्वविद्यालय दुर्ग में युवाओं को रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आयोजित जॉब फेयर का आयोजन किया गया। इसमें विभिन्न क्षेत्रों की कुल 17 प्रतिष्ठित कंपनियों ने भाग लिया तथा प्रदेश के विभिन्न महाविद्यालयों से बड़ी संख्या में युवाओं ने अपनी सहभागिता दी । कार्यक्रम की शुरूआत विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार डॉ. वीरेन्द्र कुमार स्वर्णकार तथा डॉ. एके दुबे के उद्बोधन और एचआर प्रतिनिधियों के स्वागत के साथ हुई, अतिथियों ने प्रतिभागियो को करियर निर्माण के लिए निरंतर परिश्रम, कौशल विकास और सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाने के लिए प्रेरित किया। जॉब फेयर में वी-वन, मारुति सुजुकी नेक्सा, मशरूम प्राइवेट लिमिटेड, एग्रोस्टार, बीएम शाह, मित्तल हॉस्पिटल, जस्ट डायल, किया मोटर्स साईराम किया, टेक्नो टास्क बिजनेस सॉल्यूशन्स, स्क्वेयर बिजनेस प्राइवेट लिमिटेड, पेटीएम, वीएस इंडस्ट्रीज, प्रमिला स्टील्स, ग्लोबल एचआर सॉल्यूशन, द कंसल्टेंट्स, करियर बियॉन्ड प्राइवेट लिमिटेड तथा गेट कॉलेज एडमिशन जैसे प्रतिष्ठित संस्थाओं ने भाग लिया। पांच सौ से अधिक अभ्यर्थियों का चयन किया गया। आयोजन एडवोकेट श्रुति राव, आदित्य शाह, लव ताम्रकार, डॉ. चंद्रिका अहिरवार, आराध्या पाठक तथा प्रियंशु चंद्राकर का योगदान रहा।

## सेवानिवृत्त आईएएस एवं मोटिवेशनल स्पीकर चंद्रहास बेहारका चार दिवसीय व्याख्यान

# विद्यार्थियों के बौद्धिक और सामाजिक विकास के लिए ज्ञान, कौशल और नैतिक मूल्यों की शिक्षा पर दिया बल

कार्नर न्यूज

**दुर्ग।** दाऊ श्री वासुदेव चंद्राकर कामधेनु विश्वविद्यालय दुर्ग के कुलपति डॉ.आर.आर.बी.सिंह और अधिष्ठाता छात्र कल्याण के तत्वावधान में तीन दिवसीय विभिन्न विषयों पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसमें अतिथि वक्ता सेवानिवृत्त आई.ए.एस. और मोटिवेशनल स्पीकर चंद्रहास बेहार द्वारा विभिन्न विषयों पर व्याख्यान दिया गया। मुख्य वक्ता ने अपने व्याख्यानों के माध्यम से सकारात्मक सोच, प्रभावी प्रबंधन तथा सूचना के अधिकार जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से पॉवर पांइट प्रजेंटेशन के माध्यम से जानकारी दी।



### धैर्य और सहयोग से समस्याओं को सुलझाने की कही बात

व्याख्यान के पहले दिन के सत्र में शैक्षणिक संस्थानों में शिक्षा विषय पर अपने विचार प्रस्तुत किये गए। जिसमें विद्यार्थियों के बौद्धिक, सामाजिक और नैतिक विकास के लिए ज्ञान, कौशल और नैतिक मूल्यों की शिक्षा पर बल दिया गया। द्वितीय सत्र में संघर्ष प्रबंधन कॉनफ्लिकट मैनेजमेंट में किसी भी विवाद या मतभेद को शांतिपूर्ण और समझदारी से हल करने एवं सही संवाद, धैर्य और सहयोग के माध्यम से समस्याओं को सुलझाने की बात कही गई।



### शासन में पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ाना जरूरी


तृतीय सत्र सूचना का अधिकार में वक्ता बेहार ने बताया कि सूचना का अधिकार एक ऐसा कानून है जिसके माध्यम से नागरिक सरकारी कार्यालयों से जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। इसका उद्देश्य शासन में पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ाना है। भारत में अधिनियम 2005 में लागू हुआ था। चौथे और अंतिम सत्र में सकारात्मक सोच पॉजीटिव थिकिंग हर परिस्थिति में आशावादी दृष्टिकोण और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने पर आधारित थी। कार्यक्रम में अधिष्ठाता डॉ एस पाल, निदेशक अनुसंधान सेवाएं डॉ.जी.के.दत्ता, विश्वविद्यालय जनसंपर्क अधिकारी डॉ.दिलीप चौधरी, डॉ.केशब दास, डॉ.संजय शाक्य, डॉ.रामचन्द्र रामटेके, डॉ.शिवेश देशमुख, प्राध्यापक, छात्र-छात्राएं और कर्मचारी उपस्थित रहे। अधिष्ठाता डॉ.एस.पाल. ने चार दिवसीय व्याख्यान के समापन अवसर पर अपने वक्तव्य में कहा कि इस प्रकार के आयोजन समय-समय पर आयोजित किए जाते रहना चाहिए, इससे विद्यार्थी और कर्मचारी लाभान्वित होते है। कार्यक्रम के अंत में आयोजक अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ.दुर्गा चौरसिया द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## ऑन-स्क्रीन जोड़ी से ऑफ-स्क्रीन रोमांटिक कपल तक का सफर तय किया टॉम और जेंडाया ने

टॉम हॉलैंड और जेंडाया ने भले ही प्यार की शुरआत स्क्रीन से की हो, लेकिन अब दोनों रियल लाइफ में भी एक-दूसरे से प्यार करते हैं। एक समय ऐसा था, जब दोनों अपने रिश्ते को बस अफवाहें बताते थे। लेकिन अब दोनों ने अपने रिश्ते को पब्लिक कर दिया है और अक्सर कार्यक्रमों में साथ नजर आते हैं।



दोनों की मुलाकात फिल्म स्पाइडर मैनः होमकमिंग की शूटिंग के दौरान हुई। टॉम स्पाइडर-मैन बने और जेंडाया ने मिशेल 'एमजे' का किरदार निभाया। सेट पर दोनों की खूब बनती थी, मजाक, हंसी और साथ में प्रमोशन। उसी साल से डेटिंग की अफवाहें उड़ने लगीं, लेकिन दोनों ने साफ कहा कि वे सिर्फ अच्छे दोस्त हैं।

फिल्म के रिलीज के बाद दोनों कई इंटरव्यू और इवेंट्स में साथ दिखे। फैंस को उनकी केमिस्ट्री बहुत पसंद आई। हालांकि बीच-बीच में यह खबरें भी आईं कि दोनों अलग-अलग लोगों को डेट कर रहे हैं। इस दौरान उन्होंने अपनी दोस्ती को खुलकर स्वीकार किया, लेकिन रिश्ते पर चुप्पी बनाए रखी।


टॉम हॉलैंड और जेंडाया अक्सर पार्टियों में और कार्यक्रमों में नजर आते थे। दोनों कई बार पब्लिक में स्पॉट किए गए। फैंस ने कई बार उन्हें कपल का नाम दिया, लेकन दोनों ने इस बात से इंकार किया।

जुलाई 2021 में लॉस एंजेलिस में टॉम और जेंडाया की कार में एक-दूसरे को किस करते हुए तस्वीरें सामने आईं। इसके बाद साफ हो गया कि दोनों सिर्फ दोस्त नहीं, बल्कि रिलेशनशिप में हैं। उसी साल फिल्म स्पाइडर मैनः नो वे होम रिलीज हुई और प्रमोशन के दौरान उनकी नजदीकियां साफ दिखीं।

### टॉलीवुड

## यश की 'टॉक्सिक' टली 3 महीने के लिए बॉक्स ऑफिस पर होगा 'धुरंधर 2' का राज

बॉलीवुड और खासकर रणवीर सिंह की फिल्म 'धुरंधर' के लिए एक बड़ी खुशखबरी सामने आ गई है। साउथ की मेगा बजट फिल्म यश की 'टॉक्सिक' की रिलीज डेट टल गई है। फिल्म की रिलीज से ठीक 15 दिन पहले मेकर्स ने ये खबर शेयर की है और इसके पीछे की वजह भी बताई गई है।



कन्नड़ स्टार यश की चार साल बाद बड़े पर्दे पर रिलीज होने जा रही 'टॉक्सिक : ए फेयरीटेल फॉर ग्रोन-अप्स' को लेकर फैन्स में जबरदस्त जोश था। 19 मार्च को रिलीज होने वाली ये फिल्म अब जून तक के लिए टालने की खबर है। हालांकि, ऐसा नहीं है कि ये फिल्म 'धुरंधर 2' की वजह से टाली गई है बल्कि इसके पीछे एक बहुत बड़ी वजह है। मेकर्स ने बताया है कि इस फिल्म को अमेरिका और इजरायल द्वारा ईरान पर हमले और इस वजह से मिडल ईस्ट में जारी संघर्ष के कारण इतना बड़ा फैसला लिया गया गया है। एक्टर-प्रड्यूसर ने बुधवार, 4 मार्च को फिल्म 'टॉक्सिक' के निर्माताओं का एक बयान शेयर किया, जिसमें फिल्म की नई रिलीज डेट की घोषणा की गई है। जारी किए गए इस बयान में कहा गया है, 'टॉक्सिकः ए फेयरी टेल फॉर ग्रोन-अप्स एक ऐसी फिल्म है जिसे हमने ग्लोबल ऑडियंस के लिए सिनेमा बनाने की हिसाब से बनाया है। कन्नड़ और अंग्रेजी में फिल्माई गई यह फिल्म देश और दुनिया भर के दर्शकों से जुड़ने के दृढ़ विश्वास के साथ बनाई गई है। बरसों के जीतोड़ मेहनत के बाद, हम 19 मार्च को अपनी फिल्म आप सभी के साथ शेयर करने के लिए उत्साहित थे। हालांकि, इस वक्त अनिश्चितता, विशेष रूप से मिडल ईस्ट के हालात ने ऐसी स्थिति पैदा कर दी है जो ग्लोबल ऑडियंस तक पहुंचने और उनसे जुड़ने के हमारे लक्ष्य को प्रभावित करती है।'

इसी नोट में आगे कहा गया है कि फिल्ममेकर्स ने फिल्म की रिलीज जून तक टालने का फैसला किया है।

### भोजपुरी

## अक्षरा को सताई अपने ब्याह की चिंता, पवन को जमकर कोसा

भोजपुरी एक्ट्रेस अक्षरा सिंह ने एक बार फिर पवन सिंह के बारे में बात की है। उन्होंने बताया कि वो अपनी जिंदगी में 10 लड़कियों के साथ सरेआम घूमते हैं लेकिन उनसे कोई सवाल नहीं करता। वो भी जिंदगी में आगे बढ़ना चाहती हैं, वो पास्ट की बातें अब नहीं चाहतीं।



भोजपुरी एक्ट्रेस अक्षरा सिंह का सुपरस्टार पवन सिंह के साथ उतार-चढ़ाव भरा रिश्ता रहा था। वो अक्सर अपने जीवन और करियर पर उस दौर के प्रभाव के बारे में खुलकर बात करती रही हैं। उन्होंने पवन सिंह पर अपने झगड़े के दौरान धमकियां देने का भी आरोप लगाया है। अब, हाल ही में एक बातचीत में, अक्षरा ने स्पष्ट कर दिया है कि वह आगे बढ़ना चाहती हैं और अब उनका नाम पवन सिंह से नहीं जोड़ना चाहतीं। अक्षरा सिंह का कहना है कि पवन सिंह अलग-अलग लड़कियों के साथ घूमते हैं। सिद्धार्थ कन्नन के पॉडकास्ट पर, अक्षरा ने अपने पूर्व रिश्ते के कारण लगातार हो रही जांच-पड़ताल के बारे में बात की। उन्होंने कहा, 'काफी समय हो गया है। मैं भी जीवन में आगे बढ़ना चाहती हूं। वह दस अलग-अलग लड़कियों के साथ घूम रहे हैं और कोई उनसे सवाल नहीं करता, लेकिन हर कोई मुझसे सवाल करता है। अगर मेरा नाम उनसे जुड़ता रहेगा और मुझसे उनके बारे में पूछा जाता रहेगा, और अगर उनके बारे में मेरे वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होते रहेंगे, तो मुझसे कौन शादी करेगा? हर कोई जानता है कि उनका चरित्र कैसा है, फिर भी कोई उनसे सवाल नहीं करता। जब उनसे पूछा गया कि क्या उनके मन में अब भी उनके लिए कोई खास जगह है, तो उन्होंने सवाल को टाल दिया।

## फ्लोरल का जलवा




2026 में फ्लोरल प्रिंट एक खास फैशन ट्रेंड हैं और पहले से कहीं ज़्यादा मॉडर्न और वर्सेटाइल दिखते हैं। गर्मियों के एकदम रोमांटिक वाइब्स के बजाय, फ्लोरल पैटर्न वाले कपड़े अब कॉन्फिडेंस, इंडिविजुअलिटी और क्रिएटिव स्टाइलिंग दिखाते हैं। रोज़ाना पहनने के लिए हल्के फ्लोरल डिज़ाइन से लेकर खास मौकों के लिए बोल्ड स्टेटमेंट प्रिंट तक, यह ट्रेंड हर वॉर्डरोब के लिए सही है।

## ऑयली स्किन के लिए घर पर ही बनाएं फेस मिस्ट

अगर आपकी स्किन ऑयली है तो रिफ्रेशिंग फेस मिस्ट का इस्तेमाल करना यकीनन एक अच्छा आइडिया है। हालांकि, इसे बाजार से खरीदने की जगह आप खुद घर पर ही बना सकती हैं।



### गुलाब जल और विच हेज़ल से बनाएं मिस्ट

यह पोर्स को टाइटन करता है और स्किन को हाइड्रेट करता है। गुलाब जल आपकी स्किन को कूलिंग इफेक्ट भी देता है। इसके लिए आधा कप गुलाब जल,2 बड़े चम्मच विच हेज़ल, 3-4 बूंदे टी ट्री एसेंशियल ऑयल और स्प्रे बोतल को मिक्स करें ।अब इसे एक स्प्रे बोतल में डालकर मिक्स करें और फ्रिज में स्टोर करें। क्लींजिंग के बाद या स्किन को रिफ्रेशिंग फील देने के लिए चेहरे पर स्प्रे करें।

### एलोवेरा और ग्रीन टी से बनाएं फेस मिस्ट

एलोवेरा जेल और ग्रीन टी की मदद से भी फेस मिस्ट बनाया जा सकता है। जहां एलोवेरा जेल स्किन को चिपचिपा बनाए बिना हाइड्रेट करता है, वहीं ग्रीन टी अतिरिक्त ऑयल कंट्रोल करता है। इसके लिए आधा कप उबली हुई ग्रीन टी, 2 बड़े चम्मच एलोवेरा जेल और विच हेज़ल की 3-4 बूंदे चाहिए। सबसे पहले ग्रीन टी बनाएं और उसे ठंडा करें। अब इसमें एलोवेरा जेल और विच हेजल को मिक्स करें। अब इसे एक स्प्रे बोतल में डालें और इस्तेमाल करें।

### ऑरेंज पील और रोज़ वॉटर फेस मिस्ट

ऑरेंज पील में विटामिन सी भरपूर मात्रा में होता है, जो आपकी स्किन को अधिक ब्राइटन करता है। साथ ही साथ, रोज़ वॉटर पोर्स को टोन और टाइटन करता है। इसके लिए एक बड़ा चम्मच संतरे के छिलके का पाउडर आधा कप गुलाब जल आधा कप डिस्टिल्ड वॉटर, 2-3 बूंदें, लेमन एसेंशियल ऑयल को मिक्स करें। अब आप फ्रेश व ब्राइट लुक के लिए इसे सुबह स्प्रे करें या फिर सनस्क्रीन लगाने से पहले इस्तेमाल करें।

## तपिश भरी गर्मी से पहले शॉर्ट कॉटन ड्रेसेस से अपडेट कर लें अपना वार्डरोब



गर्मियां शुरू होने से पहले यदि आप भी अपने वार्डरोब में अपडेट करना चाहती हैं तो आज हम आपको कुछ शार्ट कॉटन ड्रेसेस का कलेक्शन दिखाने जा रहे हैं। जिनसे आप भी आइडिया लेकर अपना लुक स्टाइलिश बना सकती हैं।



मार्च का महीना शुरू होते ही हल्की गर्मियों ने भी दस्तक दे दी है। ऐसे में अब अधिकतर लोगों ने अपने वार्डरोब भी गर्मी के हिसाब से अपडेट करना शुरू कर लिया होगा। अब सर्दियों के भारी-भरकम कपड़ों की जगह वार्डरोब में लाइट वेट कम्फर्टेबल कपड़े नजर अलमारी में दिखने लगेंगे। गर्मी के मौसम में अधिकतर लोग कॉटन के कपड़े ज्यादा पहनना पसंद करते हैं। इस फैब्रिक के अटायर स्टाइलिश और कूल दिखने के साथ काफी आरामदायक भी होते हैं।



ऐसे में यदि आप भी गर्मियों के लिए ड्रेसेस की तलाश कर रही हैं तो आज हम आपको कुछ शार्ट कॉटन ड्रेसेस का कलेक्शन दिखाने जा रहे हैं। जिनसे आप इंस्पिरेशन लेकर अपना लुक स्टाइलिश बना सकती हैं। इन ड्रेसेस को आप ऑफिस से लेकर दोस्तों के साथ घूमने और वेकेशन पर भी पहन सकती हैं। आइए देखें कुछ लेटेस्ट डिजाइन।

### व्हाइट चिकनकारी ऑफ शोल्डर ड्रेस

आप अगर अपने वार्डरोब में समर रेडी लुक रखना चाहती हैं तो उसके लिए टीना दत्ता की व्हाइट चिकनकारी वर्क शार्ट ड्रेस बेस्ट ऑप्शन है। एक्ट्रेस की इस ड्रेस का लुक ऑफ शोल्डर है। ऐसे में उनका लुक और भी ज्यादा स्टाइलिश लग रहा है। इस ड्रेस के संग आप व्हाइट कलर के बिग हूप्स इयररिंग्स कैरी करें। साथ में हेयर स्टाइल में मेसी बन बनाएं और मेकअप को ग्लॉसी टच दें। इस ड्रेस के संग व्हाइट कलर की मैचिंग हील्स बेस्ट रहेंगी। ऐसी ड्रेसेस डे पार्टी में आपको बेहद ग्लैमरस लुक देंगी।

### लूज फिटिंग हार्ट प्रिंट ड्रेस

हर कोई गर्मियों के मौसम में ऐसे कपड़े पहनना पसंद करता है जो कि कम्फर्टेबल होने के साथ स्मार्ट भी नजर आएं।

## घर का नुस्खा आपकी पतली चोटी को कर सकता है मोटा

लंबे बाल हम सभी को पसंद होते हैं। लेकिन आजकल के बदलते लाइफस्टाइल की वजह से बालों का ध्यान हम नहीं रख पाते हैं। ऐसे में हमारे बाल झड़ने लगते हैं। ऐसे में हम महंगे ट्रीटमेंट लेते हैं। लेकिन इसके बाद भी बाल सही नहीं होते हैं। इसके लिए जरूरी है कि आप कुछ ऐसे तरीके को ट्राई करें, जिससे आपके बाल मोटे हो जाएं। इसके लिए आप आर्टिकल में बताए गए नुस्खे को ट्राई कर सकती हैं। ये घरेलू तरीका है। जिसे ट्राई करके आपके बाल अच्छे नजर आएंगे।



हेयर स्प्रे बनाने के लिए चावल- 2 चम्मच,चाय पत्ती- 1 चम्मच,लौंग - 5 से 6 और पानी- आधा कप चाहिए। इसके लिए आपको एक कटोरी लेनी है। अब इसमें चावल लेने हैं। फिर इसमें आपको चाय पत्ती डालनी है। इसके बाद इसमें लौंग डालें और पानी डालकर इसे अच्छे से भिगोकर 2 दिन के लिए रखें। जब ये सारी चीजें अच्छे से भीग जाएं तो इसे छलनी से छान लें। अब इसे स्प्रे बोतल में डालकर स्टोर करें।

### इस तरह करें स्प्रे का इस्तेमाल

आपको इसके लिए बालों को अच्छे से ब्रश करना है। इसके बाद इसे अपने बालों में स्प्रे करना है। इसे आपको बालों के स्कैल्प में अच्छे से स्प्रे करना है। इसके बाद बालों में मसाज करनी है। इसे 15 मिनट लगा रहने दें। इसके बाद बालों को शैंपू से साफ करें। इसे लगाने से आपके बाल मोटे हो जाएंगे। इस तरह के हेयर स्प्रे को आप बालों में रोजाना भी ट्राई कर सकती हैं। इससे आपके बाल हेल्दी रहेंगे। साथ ही, आपको ज्यादा चीजों को इस्तेमाल करने की जरुरत नहीं पड़ेगी। आसानी से आप इसे ट्राई कर सकती हैं। साथ ही, चाहें तो स्टोर करके भी रख सकते हैं। इसके बाद आपको बाजार के प्रोडक्ट को इस्तेमाल करने की जरुरत नहीं पड़ेगी। लेकिन अगर आपको बालों से जुड़ी कोई प्रॉब्लम है, तो आप एक्सपर्ट की सलाह ले सकते हैं।

## पिगमेंटिड लिप्स को संवारें नेचुरल स्क्रब से

होंठों का कालापन किसी को अच्छा नहीं लगता। धूप से लेकर डिहाइड्रेशन तक, कई वजहों से होंठ काले या पिगमेंटेड हो जाते हैं। ऐसे में अक्सर इसे छिपाने के लिए हम लिपस्टिक का इस्तेमाल करते हैं या फिर महंगे लिप ट्रीटमेंट लेते हैं। जबकि आपको वास्तव में ऐसा करने की ज़रूरत नहीं है। पिग्मेंटिड लिप्स से निजात पाने के लिए आप खुद घर पर ही लिप स्क्रब बना सकती हैं।



हल्दी और दूध का स्क्रब बनाने आधा चम्मच हल्दी पाउडर, आधा चम्मच कच्चा दूध और एक चम्मच चीनी चाहिए। सबसे पहले एक बाउल में हल्दी पाउडर, कच्चा दूध और चीनी डालकर मिक्स करें। अब इस पेस्ट को अपने होठों पर लगाएं और धीरे से स्क्रब करें। इसे 3-4 मिनट तक लगा रहने दें, फिर पोंछ लें। इसके बाद लिप बाम लगाएं। आप हफ़्ते में दो बार इस लिप स्क्रब का इस्तेमाल कर सकते हैं।

### चुकंदर और चीनी स्क्रब

यह एक ऐसा स्क्रब है, जो आपको नेचुरली पिंक लिप्स देने में मदद करता है। चुकंदर होंठों को नेचुरली गुलाबी रंग देता है और पिगमेंटेशन को हटाता है। इसके लिए आधा चम्मच कद्दूकस किया हुआ चुकंदर, आधा चम्मच चीनी और आधा चम्मच नारियल का तेल चाहिए। लिप स्क्रब बनाने के लिए आप सभी सामग्री को मिक्स करें। अब इस स्क्रब को अपने होंठों पर 2-3 मिनट तक रगड़ें। इसे थोड़ी देर के लिए ऐसे ही छोड़ दें, ताकि चुकंदर का रस आपके होंठों पर प्राकृतिक रूप से लग जाए। आप हफ़्ते में 3-4 बार इसका इस्तेमाल करें।

### एलोवेरा और ब्राउन शुगर लिप स्क्रब

यह एक सूदिंग स्क्रब है, जो आपके लिप्स को आरामदायक महसूस करवाता है। एलोवेरा स्किन को ठीक करने और पिगमेंटेशन को कम करने में मददगार है। वहीं, ब्राउन शुगर लिप्स को एक्सफोलिएट करती है। इसके लिए आधा चम्मच ताज़ा एलोवेरा जेल और चम्मच ब्राउन शुगर विटामिन ई तेल की कुछ बूंदे चाहिए।

### कार्नर न्यूज

#### जरूरत है फैशन स्टाइलिंग में सावधानी बरतने की

## फैशन स्टाइलिंग में होने वाली चूक की वजह से उम्र से काफी बड़ी दिख सकती हैं आप, रखें जरा ध्यान

अक्सर अपने लुक को स्टनिंग दिखाने के लिए हम खुद को तरह-तरह से स्टाइल करते हैं, लेकिन फैशन स्टाइलिंग के दौरान की जाने वाली कुछ छोटी-छोटी मिसटेक्स आपको बूढ़ा दिखा सकती हैं।

महिलाएं हमेशा ही खुद को बेहद ही ग्रेसफुल तरीके से कैरी करना चाहती हैं और इसलिए अक्सर अपने स्टाइल के साथ एक्सपेरिमेंट करती रहती हैं। अमूमन वे अपने लुक को स्टनिंग दिखाने के लिए अलग-अलग तरह के आउटफिट पहनती हैं। हालांकि, हर बार आपका लुक स्टनिंग ही नजर आए, यह जरूरी नहीं है। फैशन का मतलब होता है खुद को अभिव्यक्त करना, लेकिन कभी-कभी स्टाइलिंग की छोटी-छोटी गलतियां अनजाने में आपके लुक को बूढ़ा दिखा सकती हैं। हम सभी ने कभी ना कभी इसे एक्सपीरियंस किया है। गलत फिटिंग को चुनने से लेकर उन्हीं पुराने स्टाइल को अपनाकर हम अपने लुक को खराब कर सकते हैं। इसलिए यह जरूरी है कि इन गलतियों से बचा जाए। आप कपड़ों के कलर कॉम्बिनेशन से लेकर फुटवियर तक हर छोटी-बड़ी बात पर फोकस करना चाहिए। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको फैशन स्टाइलिंग से जुड़ी कुछ ऐसी ही मिसटेक्स के बारे में बता रहे हैं, जो आपको उम्र से अधिक बड़ा दिखा सकती हैं-



### फिटिंग पर फोकस ना करना


आप चाहे कोई भी आउटफिट पहनती हैं, उसकी फिटिंग बहुत अधिक मायने रखती है। कई बार हम बहुत ढीले या बहुत टाइट कपड़े पहनते हैं। लेकिन अच्छी तरह से फ़िट न होने वाले कपड़े चाहे जितने भी स्टाइलिश हो, लेकिन वे अच्छे नहीं लगते। जहां ढीले कपड़े आपको बेडौल दिखा सकते हैं, वहीं बहुत ज़्यादा टाइट कपड़े उन हिस्सों को हाइलाइट कर सकते हैं, जिन पर आप फोकस नहीं करना चाहते हैं। इसलिए, हमेशा अपनी बॉडी टाइप को ध्यान में रखते हुए सही फिटिंग के कपड़ों को स्टाइल करें।

### हमेशा एक जैसे कलर्स पहनना

हम सभी को कोई ना कोई कलर पसंद होता है और ऐसे में हम अक्सर उसी रंग के कपड़ों को खरीदना पसंद करते हैं। लेकिन ऐसा करना भी आपकी एक स्टाइलिंग मिसटेक हो सकती है। इससे आपका लुक कभी भी वर्सेटाइल नजर नहीं आता है। खासतौर से, अगर आपकी फेवरिट लिस्ट में काले, नेवी और भूरे जैसे डार्क कलर्स को चुनते हैं तो ऐसे में बहुत ज़्यादा फीके शेड आपको फीका दिखा सकते हैं। इससे आपकी उम्र भी अधिक नजर आने लगती है। कोशिश करें कि आप पेस्टल, ज्वेल टोन या न्यूट्रल जैसे कुछ कलर्स को भी स्टाइल करें। वे आपको अधिक यूथफुल दिखाने में मदद करेंगे।

### गलत एक्सेसरीज़ को पहनना

जब आप खुद को स्टाइल करते हैं तो उस दौरान सिर्फ सही आउटफिट को चुनना ही काफी नहीं है, बल्कि एक्सेसरीज भी बहुत अधिक मायने रखती है। आपको शायद पता ना हो लेकिन एक्सेसरीज़ आपके आउटफिट को बना या बिगाड़ सकती हैं। अगर आप अपने आउटफिट व ओकेजन को ध्यान में रखे बिना एक्सेसरीज का चयन करते हैं तो इससे आपका लुक काफी अजीब लग सकता है। हमेशा ऐसे मॉडर्न, स्टेटमेंट पीस पहनें जो आपके आउटफिट को कॉम्प्लीमेंट करें।



जब आप आउटफिट पहन रहे हैं तो उसे बैलेंस तरीके से स्टाइल करना बेहद जरूरी होता है। अगर आप इसे नजरअंदाज करते हैं तो इससे आप उम्र से अधिक दिख सकते हैं।